दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 112 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। सोमवार, 23 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष षष्ठी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## टी-20 वर्ल्डकप में भारत की सबसे बड़ी हार

### साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया; सेमीफाइनल खेलने के लिए अब बाकी दोनों मैच जीतने होंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। रविवार को उसे साउथ अफ्रीका ने तीसरे सुपर-8 मैच में 76 रन के अंतर से हराया है। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की जीत का सिलसिल भी थम गया है। इससे पहले इंडिया ने लगातार 12 मैच जीते थे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। केशव महाराज ने 3 विकेट लिए। कॉर्बिन बॉश को 2 और ऐडन मार्करम को एक विकेट मिला। शिवम दुबे ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 बॉल पर 63 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 24 बॉल पर नाबाद 44 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए।

## ट्रम्प के रिसॉर्ट में घुस रहे युवक को गोली मारी, मौत

### गन और फ्यूल कैन लेकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1.30 बजे हुई। राष्टपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल कैन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नॉर्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्टपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं।

### कार की आड़ में अंदर घुसने की कोशिश की

सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिसॉर्ट के नॉर्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शॉटगन और फ्यूल कैन था। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और कैन गिराने को कहा गया। युवक ने कैन तो रख दिया, लेकिन शॉटगन को गोली चलाने की पॉजीशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नॉर्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शॉटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है।

# कांग्रेस ने एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बनाया : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट' में कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया।

पीएम मोदी ने आज मेरठ में करीब 12,930 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। साथ ही भारत के पहले नमो भारत आरआरटीएस और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर देश को समर्पित किया।

इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ आज देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे। अभी आपने देखा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई इम्पैक्ट समिट हुआ। दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। पूरा देश गर्व से भर गया, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया? कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया।

उन्होंने आगे कहा, समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतारकर पहुंच गए। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि आपको कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी। कांग्रेस के नेताओं ने वहां पर जो कुछ किया, वो दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से दिवालिया हो गई है। कांग्रेस तो अपने देश को ही बदनाम करने में जुटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है, वे मेरी कब्र खोदना चाहते हैं, और उन्हें भाजपा और एनडीए से विरोध है। कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि एआई ग्लोबल समिट भाजपा का समारोह नहीं था। यह देश का कार्यक्रम था, देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन, कांग्रेस ने परसों सारी मर्यादाएं तोड़ दी। आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता लजाने के बजाय बेशर्मी के साथ गरजते हैं, और यह मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि संसद में अपने साथी दलों को भी बोलने का मौका नहीं देते हैं। संसद को चलने नहीं देते हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। एआई समिट में कांग्रेस ने जो किया है, उससे साथी दल भी चौक गए हैं। सबने इससे किनारा कर लिया।

पीएम मोदी ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो। कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। एक बात की मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं इसके लिए उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

### जलमहल की पाल पर सूर्यकिरण एरोबैटिक एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले का हुआ आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वायु सेना के शौर्य एवं कौशल को सराहा

### आर्मी डे परेड के बाद यह कार्यक्रम जयपुर के लिए गर्व की बात : सीएम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की गरिमामयी उपस्थिति में जयपुर में जलमहल की पाल पर भारतीय वायु सेना के सूर्यकिरण एरोबैटिक एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले कार्यक्रम में शिरकत की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय वायुसेना के शौर्य, साहस और तकनीकी कौशल की सराहना करते हुए कहा कि जयपुर की धरती पर यह आयोजन गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आर्मी डे परेड के भव्य एवं सफल आयोजन के बाद वायु सेना की ओर से आयोजित इस अद्भुत कार्यक्रम से यह साबित हुआ है कि जयपुर ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों के लिए पूरी तरह तैयार है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी सेना का गौरव लगातार बढ़ रहा है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर वायु सेना के अद्भुत पराक्रम एवं भारत की सुरक्षा मज़बूत हाथों में होने का परिचायक है। उन्होंने कहा कि हमारी वायु सेना सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं और महामारी में भी लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने अद्वितीय हवाई कौशल और उत्कृष्ट करतबों



से मंत्रमुग्ध करती है। भारतीय वायुसेना के एम्बेसडर्स सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के तीन पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वॉड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर के ही हैं। इन पायलट्स ने वर्षों की कठिन मेहनत, अटूट अनुशासन और असाधारण कौशल के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। श्री शर्मा ने कहा कि यह आयोजन नागरिक और सेना के बीच अटूट रिश्ते का उत्सव है। इस तरह के आयोजन से युवाओं के मन में सेना में जाने का संकल्प जन्म लेता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय गौरव और रक्षा सेवाओं के प्रति जागरुकता को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात मुख्यमंत्री ने मौजूद जनसमूह के बीच जाकर उनका अभिनंदन स्वीकार किया।

## अमिताभ को पहला साउथ फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला

बढ़ता राजस्थान

**कोच्चि ( एजेंसी )।** 70वें साउथ फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का आयोजन शनिवार को केरल के कोच्चि में हुआ। इस दौरान अमिताभ बच्चन को फिल्म कल्कि 2898 एडी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर मेल (तेलुगु) का अवॉर्ड दिया गया। यह उनका पहला साउथ फिल्मफेयर अवॉर्ड है। प्रभास स्टारर फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का रोल निभाया था। इस सेरेमनी में तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की बेहतरीन फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। फिल्म पुष्पा 2 ने तेलुगु कैटेगरी में पांच अवॉर्ड जीते, जिनमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर (सुकुमार) और बेस्ट एक्टर (अल्लू अर्जुन) शामिल रहे। तमिल कैटेगरी में फिल्म अमरन ने सात अवॉर्ड अपने नाम किए, जिनमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर (सिवकार्तिकेयन) और बेस्ट एक्ट्रेस (साई पल्लवी) शामिल हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 3 आतंकी ढेर

### सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को ब्लास्ट किया; 4 फरवरी को भी 3 आतंकी मारे थे

बढ़ता राजस्थान



**कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। आधिकारियों ने 3 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

**ऑपरेशन टीम में शामिल डॉग घायल**-किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा के के9 डॉग टायसन को भी गोली लगी। मिशन के दौरान, वह सबसे पहले उस धोक तक पहुंचा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है।


Rajdhani Battery

LUMINOUS Inverter • UPS • Battery

EXIDE INDUSTRIES LIMITED




Deals in:

All Vehicle Battery, inventor & Inverter Batteries & SMF Batteries

Mohd. Islam 9314625427

Mohd. Nasir 9982625427

Email: rajdhanibattery@gmail.com

Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur


## जस्टिस भाटी बोले-हर संकट में आमजन के साथ न्यायपालिका

### केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा- टेक्नोलॉजी सुविधा के साथ आशंकाएं भी लाती है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस पुष्पेन्द्र भाटी ने कहा कि आमजन हमसे उम्मीद करता है कि जब उसका जीवन खतरे में होगा, जब उसे आर्थिक नुकसान हो रहा होगा, जब उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात होगी, तब न्यायपालिका और लीगल सिस्टम उसकी आवाज को उठाएगा। संकटमोचक की तरह उसकी रक्षा करेगा।

जस्टिस भाटी साइबर सेफ्टी सेमिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रभाव को लेकर कहा कि किसी भी टेक्नोलॉजी को रोका नहीं जा सकता, ये सुविधा के साथ आशंकाएं भी लाती हैं। जस्टिस भाटी ने सभागार में मौजूद न्यायिक अधिकारियों से कहा कि आप उस राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो क्षेत्रफल के लिहाज से 126 देशों से बड़ा हैं। जिसमें हमारे न्यायिक अधिकारी (जजेज) न्याय देने के लिए एक हजार किलोमीटर की यात्रा करते हैं।



### दिल्ली में ट्रांसफर बहुत छोटी बात

जस्टिस पुष्पेन्द्र भाटी ने कहा कि एक बार हमें दिल्ली के जज कह रहे थे कि ट्रांसफर बहुत छोटी बात हैं। क्योंकि दिल्ली न्याय क्षेत्र में ट्रांसफर का मतलब है, दस-बीस-तीस किलोमीटर। लेकिन हमने उन्हें गर्व से कहा कि हमारे यहां एक जगह से दूसरी जगह जाने में सैकड़ों किलोमीटर और कभी-कभी हजारों किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता हैं। लेकिन उसके बाद भी प्रदेश के न्यायिक अधिकारी पूरी ताकत से आमजन को न्याय देने के लिए काम कर रहे हैं।

### न्यायाधीशों को आउट ऑफ द बॉक्स सोचने की जरूरत

समापन सत्र को संबोधित करते हुए हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश(एक्टिंग सीजे) एसपी शर्मा ने कहा कि आज आंखों से दिखने वाली चीज भी सत्य हो, यह जरूरी नहीं। डीपफेक और एआई के युग में न्यायाधीशों को भी आउट ऑफ द बॉक्स सोचने की जरूरत है।

उन्होने कहा कि प्रदेश में कॉन्स्टेबल स्तर के पुलिसकर्मियों को साइबर सिक्योरिटी की ट्रेनिंग दी जा रही हैं। लेकिन हमारा मानना है कि पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी इस तरह की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। क्योंकि अब साइबर क्राइम के सिर्फ आंकड़े गिनने से काम नहीं चलेगा। इसके लिए न्यायिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और त्वरित जांच ही असली समाधान हैं।

उन्होंने न्यायिक अकादमियों से विशेष साइबर अपराध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू करने का आग्रह भी किया।

# कृषि मेले की चमक-दमक के पीछे कराहता 'अन्नदाता'

## पंचगौरव कृषि मेले में सरकारी दावों की निकली हवा; सुविधाओं के नाम पर किसानों को मिला केवल 'इंतजार' और 'प्यास'

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** कहते हैं किसान देश की रीढ़ है, लेकिन जब इसी रीढ़ को सरकारी आयोजनों के बोझ तले दबाया जाए, तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। जिला प्रशासन और एसकेडी यूनिवर्सिटी के साझा प्रयास से आयोजित तीन दिवसीय 'पंचगौरव कृषि मेला' वर्तमान में अपनी भव्यता से ज्यादा अपनी अव्यवस्थाओं के लिए चर्चा में है। मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान यहाँ तकनीक सीखने नहीं, बल्कि अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। किसान वहा नाचने गाने या मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि किसानों को उनकी समस्याओं को लेकर किसानों को उनके विचारों को लेकर जवाब तलब करना है

मेले में दूर-दराज के गांवों से हजारों किसान इस उम्मीद में पहुंचे थे कि उन्हें खेती-किसानी के नए गुर सिखाए जाएंगे। लेकिन आयोजन स्थल पर पहुँचते ही उनका सामना कड़वी हकीकत से हुआ। चिलचिलाती धूप में घंटों रुकने वाले किसानों के लिए प्रशासन पीने के साफ पानी तक की व्यवस्था नहीं कर सका। किसान एक-एक बूंद पानी के लिए भटकते नजर आए। भोजन और चाय की व्यवस्था तो दूर की बात, बैठने के लिए उचित छाया तक का अभाव दिखा।

### बजट 'खपाने' का जरिया बना आयोजन?

मेले के वीआईपी दीर्घा और मुख्य मंच की चमक देखकर कोई भी अचंभित हो सकता है। वहां राजनेताओं, अधिकारियों और कलाकारों का जमावड़ा है, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। लेकिन ठीक उसी मंच के सामने बैठा किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। किसानों का सीधा आरोप है कि प्रशासन केवल कागजी आंकड़ों में कार्यक्रम को सफल दिखाकर भारी-भरकम बजट को 'ठिकान' लगाने की जुगत में है।

किसानों ने तीखे लहजे में कहा, 'अगर सरकार वास्तव में हमारी आय दोगुनी करना चाहती है, तो करोड़ों रुपये इन तमाशों पर खर्च करने के बजाय हमें समय पर खाद, बीज और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराए।'

### मंच से किसान नेतृत्व गायब

सबसे विचारणीय और खेदजनक पक्ष यह रहा कि जिस मेले का नाम ही 'कृषि मेला' है, उसके मुख्य मंच से स्थानीय किसान नेताओं और प्रगतिशील किसानों को दूर रखा गया। मंच केवल सरकारी रस्म अदायगी और फोटो खिंचवाने का केंद्र बनकर रह गया। जब जिम्मेदार अधिकारियों से इस अव्यवस्था पर पक्ष जानना चाहा, तो उनका रटा-रटाया जवाब मिला कि 'व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं', जबकि धरातल पर किसान परेशान हाल घूम रहे हैं। पंचगौरव कृषि मेला इस बात का जीवंत उदाहरण बन गया है कि कैसे सरकारी मशीनरी 'इवेंट मैनेजमेंट' के चक्कर में असली किसानों को भूल जाती है। यदि इन आयोजनों का लाभ खेत की मिट्टी तक नहीं पहुँचता, तो ऐसे करोड़ों के खर्च को केवल 'सरकारी धन की बर्बादी' ही कहा जाएगा।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि मीडिया ने भी इस संबंध में प्रशासन से सवाल करने की बजाय केवल हूजूरी करने में लगा हुआ है और अलग ही रंग चंढा रहें हैं।

## विश्व में पहली बार 23 मार्च को मनाया जाएगा इंटरनेशनल बिजनेसमैन डे, पीएम मोदी को दिया गया न्योता

### बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल करेगा ऐतिहासिक शुरुआत, उद्यमियों को मिलेंगे इंटरनेशनल बिजनेसमैन डे अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** विश्व में पहली बार देश के छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों को सम्मान देने के उद्देश्य से बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) एक ऐतिहासिक शुरुआत करने जा रहा है। जिसके तहत आगामी 23 मार्च को भव्य स्तर पर इंटरनेशनल बिजनेसमैन डे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, इसी दिन प्रमुख उद्यमियों को इंटरनेशनल बिजनेसमैन डे अवॉर्ड भी प्रदान किया जाएगा।

बीसीआई के फाउंडर एवं चेयरमैन मुकेश माधवानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि व्यापारियों का कठिन परिश्रम और जोखिम लेने की क्षमता ही देश की जीडीपी की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि उद्यमी राष्ट्र निर्माण के वे मौन सारथी हैं, जो न केवल निवेश लाते हैं बल्कि रोजगार के अनंत अवसर भी सृजित करते हैं। इसी भावना को सम्मान देने के लिए इस विशेष दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशेष दिन का उद्देश्य देश और दुनिया के उन उद्यमियों को सम्मानित करना है, जो अपनी मेहनत और नवाचार से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी की भूमिका निभाते हैं।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को आमंत्रण-मुकेश माधवानी ने बताया कि इस गरिमामयी समारोह के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने का निवेदन भेजा गया है।

प्रमुख उद्यमियों का होगा सम्मान-कार्यक्रम के दौरान देश के आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान देने वाले प्रमुख उद्यमियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। मुकेश माधवानी ने बताया कि बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल इस मंच के जरिए छोटे और बड़े, हर स्तर के व्यापारियों के संघर्ष और उनकी सफलता की गाथा को दुनिया के सामने लाना चाहता है। जिसके तहत उन्हें इंटरनेशनल बिजनेसमैन डे अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।

## हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, आरोपी पूर्व में कर चूका लूट की कई वारदात

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के रामसागर नहर के गेट से हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी किसी वारदात की फिराक में था। सदर पुलिस ने आरोपी से हथियार बरामद कर थाने पर 3/25 आर्म एक्ट में मामला दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों की खिलाफ लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। ऐसे में जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक आरोपी को रामसागर बांध के नहर के मुख्य गेट के पास हथियार सहित देखा गया है। जो किसी वारदात की फिराक में है।

सूचना पर थाने के एएसआई रामनरेश ,कांस्टेबल सुमन प्रकाश,कांस्टेबल लोकेंद्र,राहुल की टीम बनाकर मौके पर रवाना की गई। जहां से बताए गए हुलिए के अनुसार एक आरोपी को जब पूछताछ के लिए रोका तो भागने लगा। इस पर पुलिस ने उसको दबोच लिया। आरोपी प्रदुमन उर्फ प्रदीप पुत्र रमेश लोधा आदमपुर गांव का निवासी है। जिसके पास से पुलिस ने एक 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ में पता लगा है कि वह मनिया थाना इलाके में हथियारों के बल पर कई लूट की वारदात कर चुका है। ऐसे में उससे सभी मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है। थाने पर 3/25 आर्म एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

## सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा के चयनित अभ्यर्थियों को जिला आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ राजस्व मंडल अजमेर के निर्देशानुसार सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा 2025 के चयनित 71 अभ्यर्थियों को श्रीगंगानगर जिला आवंटित किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 24 और 25 फरवरी 2026 को जिला परिषद श्रीगंगानगर में अपने दस्तावेजों की जांच के पश्चात 26 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे गजसिंहपुर स्थित पटवार प्रशिक्षण शाला में उपस्थिति देनी होगी।

## सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में प्ले विलेज कार्निवल की धूम



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में प्री प्राइमरी के विद्यार्थीयों हेतु एक विशेष कार्निवल द एक्सपीरियंशियल प्ले विलेज का आयोजन किया गया।

संस्था के चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने बताया कि कार्निवल में विद्यार्थियों के लिए खेल-खेल में शिक्षा के कई आयामों का प्रदर्शन किया गया जिसमें लिटरेसी स्टेशन, गणितीय ज्ञान हेतु द लॉजिक लैंड, संवेदी तत्वों हेतु टेक्टाइल स्टेशन व कला से साक्षात्कार हेतु द कलर स्प्लेश स्टूडियो आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें उदयपुर के विभिन्न क्षेत्रों व स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ अत्यंत उत्साह व रुचि दिखाते भारी संख्या में भाग लिया।

स्कूल की निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने सभी अभिभावकों व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि स्कूल में समय-समय पर नवाचारों का प्रयोग कर शिक्षण में सुगमता लाने का निरंतर प्रयास किया जाता है व इसी प्रयास के तहत इस कार्निवल में जंप एंड जाईव, रिदम एंड विगल जोन के साथ-साथ कई राइड्स व मनोरंजन गेम्स का शिक्षण से एकीकरण कर प्रतिभागियों को आनंद के साथ ज्ञान का साक्षात्कार कराया गया।

विद्यालय में इस कार्निवल को खेल व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सुगम शिक्षण के लिए विभिन्न तकनीकों का इस्तेमाल तथा विद्यार्थियों में तनाव रहित शिक्षण के प्रकारों का सभी प्रतिभागियों ने लाभ लिया।

## शहर के बसेड़ी रोड पर हुए दो सड़क हादसे,

### देवर-भाभी के साथ एक बुजुर्ग हुआ घायल, घायल बुजुर्ग और देवर जिला अस्पताल रेफर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जानकारी के अनुसार पहला सड़क हादसा कोल्ड के पास हुआ है। जहां मूसलपुर निवासी देवर,भाभी और उनकी 2 वर्षीय बेटी घायल हुई है। घटना को लेकर घायल महिला कृष्णा देवी पत्नी राजेश कुशवाहा ने बताया कि वह अपने देवर सत्यवीर पुत्र हरिविलास कुशवाह के साथ बसेड़ी रोड पर निजी डॉक्टर के यहां सोनोग्राफी करने आ रही थी। उनके साथ उनकी दो वर्षीय बेटी भी थी। इस दौरान जैसे ही वह रिंग रोड होकर कोल्ड के पास पहुंचे। पीछे से आई बोलोरो गाड़ी ने टक्कर मार दी, घटना के बाद बोलेरो सवार मौके से गायब हो गया। बाद में रास्ते से गुजर रही पुलिस की गाड़ी ने जब उनको सड़क पर पड़े हुए देखा तो तुरंत अस्पताल भर्ती कराया। जहां से घायल सत्यवीर पुत्र विलास कुशवाहा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना कृषि उपज मंडी के पास हुई है। जहां तेज गति अज्ञात वाहन ने 75 वर्षीय बुजुर्ग वेदरिया पुत्र बलराम कुशवाहा निवासी अजीजपुरा को टक्कर मारी दी। घायल बुजुर्ग को जब लोगो ने सड़क पर पड़े देखा तो अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया।

## रोबो एक्सपो जैसे आयोजन विद्यार्थियों को नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रेरित करते हैं : चिराग जैन

### प्रेम भारती स्कूल में किया गया रोबो एक्सपो का आयोजन, किशोर वैज्ञानिकों ने अपने नवाचारों से किया प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग के प्रेम भारती विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को 'रोबो एक्सपो 2026'का मुख्य अतिथि ए एस पी अखिलेश शर्मा के मुख्यथितय्य में आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि आजमगढ़ में आईपीएस अधिकारी चिराग जैन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ चिराग जैन एवं अखिलेश शर्मा द्वारा मां शारदे के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के संस्थापक सोहन लाल शर्मा प्रेम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए परिचय कराया।

रोबोटिक्स प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ह्यूमनॉइड रोबोट का लाइव प्रदर्शन रहा, जिसने मानव जैसी गतिविधियों से दर्शकों को आश्चर्यचकित कर भविष्य की उन्नत तकनीक की झलक दिखाई।

विशिष्ट अतिथि चिराग जैन ने कहा कि तकनीकी शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को नवाचार एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्य अतिथि अखिलेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को दैनिक जीवन की समस्याओं के तकनीकी समाधान खोजने की दिशा में प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता लखपत गुर्जर, हरपाल सौलंकी, हरेन्द्र सिंह खरगू, राजेश चन्सोरिया, इन्द्रमोहन शर्मा, विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर शिवम उपाध्याय, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ताराचंद सिनसिनवार, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, विद्यालय के सभी अध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रोबो एक्सपो 2026 ने विद्यार्थियों की तकनीकी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हुए डीग में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को नई दिशा देने का संदेश दिया।



## उदयपुर की 35 बेटियां करेंगी राजस्थान का प्रतिनिधित्व'



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** 24-25 फरवरी 2026 को दमन (गुजरात) में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन अस्मिता खेलो इंडिया पेंसेक सिलाट लीग-2026 में उदयपुर की 35 महिला खिलाड़ी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उदयपुर पेंसेक सिलाट एसोसिएशन के मुख्य सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया मिशन के अंतर्गत महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित इस वेस्ट जोन अस्मिता खेलो इंडिया वुमेन पेसेक सिलाट लीग में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में उदयपुर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगी।

प्रतियोगिता में भव्या हंडेरिया, मेघाशी कावड़िया, अर्पिता, किंजल पटेल, रुध्राक्षी शर्मा, प्रत्यूषा सिंह, सिद्धेश्वरी सिंह, निहारिका चुंडावत, कनिष्का कुंवर, हिमांशी मेनारिया, रिद्धि बिलोची, इकरा नाज, शिवानी जैन, एरिका सिंह राव, पूजा मेघवाल, शनाया जैन, आध्या कोठा, पाखी जैन, सीजना खान, अंजलि साहू, दीपांशी मेनारिया, दीपिका नायक, वत्सला शर्मा, नेत्री व्यास, प्रांशी प्रजापत, कृतिका सीधल नायक, शारवी पंडिया, हिनीषा मेनारिया, लारण्य पाठक, ख्याति भट्ट, नाथी देवी, चहल मेनारिया, नम्रता कावड़िया एवं ध्रुवी सिंघवी भाग लेगी। उदयपुर की इन सभी खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है तथा पूरे राजस्थान को इन पर गर्व है।

## राजस्थान में कम होने लगी सर्दी : अगले एक सप्ताह साफ रहेगा मौसम, पारा 3 डिग्री तक बढ़ेगा

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम में फिर से बदलाव शुरू हो गया है। सुबह-शाम की सर्दी कम हो गई। शनिवार को 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान जारी किया है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राज्य के सभी इलाकों में आसमान साफ रहा और शनिवार सुबह से देर शाम तक धूप रही। सबसे अधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 31.2, फलोदी में 31.8, बीकानेर में 31.2, जैसलमेर में 31.5, पाली के जवाई बांध के पास 31.4, डूंगरपुर, फतेहपुर (सीकर) में 30-30, लूणकरणसर (बीकानेर) में 30.9, चूरू में 30.4, भीलवाड़ा में 29.4, टोंक में 29.6, श्रीगंगानगर में 29.4, नागौर में 29.8, झुंझुनूं में 29.1, उदयपुर में 29.2 और जयपुर 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर समेत तमाम जिलों में शनिवार दिन में अच्छी धूप रही, जिससे यहां दिन सुहावना रहा, जबकि सुबह-शाम हल्की सर्दी रही। फतेहपुर में पारा 10 डिग्री से नीचे सीकर के पास फतेहपुर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सबसे ठंडा इलाका रहा। पाली में न्यूनतम तापमान 10.6, दौसा में 11.6, सिरोही में 11.4, सीकर में 11.5 और अलवर में 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे कम सर्द रात बाड़मेर में रही, जहां न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## कंचनपुर पुलिस ने गस्त के दौरान जप्त की 22 लाख की नगदी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिले के सैंपऊ कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अर्जुन कुशवाहा की गाड़ी से 22 लाख रुपये नकद बरामद हुए। मामला कंचनपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां नियमित गश्त के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध वाहन दिखाई दिया।

पुलिस के अनुसार, कंचनपुर थाना पुलिस ने जब वाहन को रुकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस को शक हुआ और टीम ने तुरंत पीछा कर वाहन को रुकवाया। तलाशी लेने पर गाड़ी से 22 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। वाहन में सवार व्यक्ति की पहचान सैंपऊ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अर्जुन कुशवाहा के रूप में हुई।

पूछताछ में अर्जुन कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि यह राशि वह सिंचाई विभाग के एईएन तपेंद्र मीणा से लेकर आ रहे थे। हालांकि इतनी बड़ी नकद राशि के संबंध में मौके पर कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पुलिस को मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध लगा, जिसके बाद गाड़ी और बरामद नकदी को जब्त कर लिया गया।

कंचनपुर थाना पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। साथ ही आयकर विभाग को भी मामले की जानकारी भेजी गई है, ताकि नकदी के स्रोत और उपयोग की जांच की जा सके। पुलिस का कहना है कि यह स्पष्ट किया जा रहा है कि इतनी बड़ी राशि किस उद्देश्य से और किन परिस्थितियों में लाई जा रही थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक हलकों में भी हलचल देखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। आवश्यक दस्तावेज और संबंधित पक्षों से पूछताछ के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और आयकर विभाग की रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।



## होलाष्टक के कारण इस पखवाड़े रूके रहेंगे मांगलिक कार्य

### 24 फरवरी से 10 मार्च तक रहेगी मांगलिक कार्यों पर रोक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** होलाष्टक व शीतला सप्तमी को देखते हुए इस पखवाड़े मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। इस दौरान शुभ कार्य रूके रहेंगे। इसमें देव प्रतिष्ठा, वैवाहिक आयोजन, गृह प्रवेश आदि शामिल है। होली से आठ दिन पूर्व होलाष्टक एवं होली के बाद सात दिन तक शीतला माताजी के अगतों को देखते हुए कुल पंद्रद दिनों तक शुभ कार्य रूके रहेंगे।

ज्योतिष एवं वास्तुविद् आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि फाल्गुन शुक्ला अष्टमी (24 फरवरी) से पूर्णिमा (3 मार्च) तक होलाष्टक रहेगा। इसके बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा (4 मार्च) से शीतला सप्तमी (10 मार्च) तक अगता रहेगा। इस पंदह दिन की अवधि में गृह प्रवेश, विवाह मुहूर्त्त, मुंडन संस्कार, देव प्रतिष्ठा आदि मांगलिक कार्य नहीं हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्योतिष, लौकिक एवं स्थानीय मान्यतानुसार इस अवधि में मानसिक तनाव दूर करने, हास-परिहास, फाग गायन, सामाजिक मेलजोल बढ़ाने तथा चेचक से बचाव को लेकर शुभ कार्यों पर रोक रहती है। वैसे इन दिनों में आकाशीय ग्रह शिथिल रहते हैं, जिससे उनका प्रभाव नकारात्मक रहता है। इसी कारण मानव शरीर की प्रकृति शिथिल हो जाती है तथा दिन में नींद, सुस्ती व आलस्य का प्रभाव बढ़ जाता है तथा रात्रि की नींद भी कम हो जाती है।

इसलिए रूकते हैं सब महत्वपूर्ण कार्य

आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि होली दहन से पहले के आठ दिनों को होलाष्टक कहते है। इस अवधि में ग्रह शिथिल रहने से मांगलिक कार्यों पर रोक रहती है। वहीं, स्थानीय बोलचाल की भाषा में रोक को अगता कहा जाता है। होली दहन के बाद सप्तमी तक के शीतलामाता के दिन माने गए हैं। चेचक से बचाव के लिए ओरी व शीतला माता को प्रसन्न किया जाता है। इसके लिए सभी महत्वपूर्ण कार्य रोक कर माता की पूजा-अर्चना करने की मान्यता रही है। माता को बासोड़ा का भोग लगाकर सेवन करने की परम्परा है।



## बस यात्री की नकदी व मोबाइल चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

### रोडवेज बस स्टैंड से पार किया था सामान, कार में फरार हो गए

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रोडवेज बस स्टैंड पर यात्री की जेब से नकदी व मोबाइल चोरी मामले का राजफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार गत 20 फरवरी को रोडवेज बस में चढ़ रहे एक यात्री की जेब से कोई मोबाइल व पचास हजार रुपए नकदी चुरा ले गया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की।

वारदात में प्रयुक्त एक कार व तीन युवकों की संलिप्तता सामने आने पर पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर नाकाबंदी करवाई। इसके बाद आरोपी नागौर जिलान्तर्गत जैसासनी (पादुकलां) निवासी सुशीलराम पुत्र शंकरराम बावरी, गोठड़ा निवासी कालूराम पुत्र हनुमानराम बावरी व लाम्बिया (आनंदपुर कालू-ब्यावर) निवासी शोकिनराम पुत्र गुदड़राम बावरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद चोरी गया मोबाइल व नकदी बरामद कर लिए गए।

### इस तरह वारदात अंजाम देते हैं

बताया जा रहा है कि इन आरोपियों पर अन्य जिलों में भी इस तरह के कई मामले दर्ज हैं। मुख्य रूप से ये लोग बस स्टैंड या इसी तरह के भीड़भाड़ वाले इलाकों में घूमते हुए वारदातों को अंजाम देते हैं। बस में चढ़ते या उतरते समय ये लोग यात्री का सामान पार कर लेते हैं। इसके बाद अपने वाहन से कहीं दूर निकल जाते हैं।

## रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण एवं फिजियोथैरेपी परामर्श शिविर आयोजित, 208 मरीज लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में रविवार को अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली एवं वेल्टन हॉस्पिटल दुर्गापुरा जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण एवं फिजियोथैरेपी चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. संदीप यादव (ऑर्थोपेडिक), डॉ. विक्रांत कटारिया (ऑर्थोपेडिक), डॉ. पीयूष शर्मा (फिजियोथैरेपिस्ट) व उनकी सहायक टीम छत्तर सिंह (मार्केटिंग मैनेजर), कृष्णा योगी, मोहर सिंह यादव, निहाल सिंह यादव, शिवराज यादव द्वारा घुटनों के दर्द, गठिया एवं अन्य जोड़ों की समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें रोबोटिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण की आधुनिक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही ऑपरेशन के बाद आवश्यक फिजियोथैरेपी, व्यायाम, सावधानियों एवं शीघ्र स्वस्थ होने के उपायों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मीडिया प्रभारी हेमन्त मोरीजावाला ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा परामर्श स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना हैं, ताकि उन्हें समय पर सही उपचार मिल सकें। शिविर के प्रारंभ में डॉ. संदीप यादव, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल ने शिविर के बारे में जानकारी साझा की। 208 मरीजों ने इस चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का लाभ उठाया। शिविर के अंत में अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने वेल्टन हॉस्पिटल दुर्गापुरा जयपुर के चिकित्सकों व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महामंत्री नितेश बंसल, अमरनाथ बंसल, डॉ. वासुदेव गुप्ता, अशोक बंसल, दीपक ततारपुरिया, हरिनारायण मोरीजावाला, भामाशाह व समाजसेवी महेश मीणा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, मनोज अग्रवाल, संगम गुप्ता, अमित अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल समेत गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य मौजूद रहें।

## होली महाउत्सव पर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं फागोत्सव का आयोजन 2 मार्च को

### नगरवासियो ने किया पोस्टर का विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** केशव नगर में स्थित बी. एल. शोपिंग मार्ट के पास होली के पावन पर्व पर 2 मार्च सोमवार शाम 7 बजे से पंचम संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं फागोत्सव का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर वार्डवासियों ने कार्यक्रम को लेकर पोस्टर विमोचन किया। नगरवासी शंकर जिंदल ने बताया कि इस मौके पर आकर्षण का केंद्र श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार व मनमोहक झांकियाँ सजाई जाएगी। साथ ही संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर कन्हैया लाल यादव, डॉक्टर अरुण यादव , गौरी शंकर सोनी , अरुण जांगिड़, बृजेश शर्मा, डॉ अनिल शर्मा, नरेंद्र सोनी, कन्हैयालाल सैनी, नरेश कुमार जिंदल , बाबूलाल सिंधी, विनोद जैन, नरेश जिंदल, बाबूलाल सिंधी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रोटरी क्लब रींगस ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम जी के वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले 2026 में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए खाटू रोड स्थित रुकमणी गार्डन के गेट पर रोटरी क्लब रींगस द्वारा जेएनयू हॉस्पिटल के सहयोग से चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ डीवाईएसपी रामावतार सिंह ताखर,सह प्रांतपाल डॉ भंवर सिंह ताखर ,डॉ अजय सक्सेना, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा, रघुनाथ जाट, सुभाष बिजारणियां ,डॉ विनोद कुमार गुप्ता ,मुकेश कुमार शर्मा ,सरदार मान, सन्तोष अग्रवाल ने बाबा श्याम की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर की टीम, सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट प्रभारी झाबर निठारवाल,असलम खान, जगदीश प्रसाद सहित स्काउट के बच्चे सेवाएं दे रहे हैं।कैंप में एलोपैथिक, होम्योपैथिक, फिजियोथैरेपी चिकित्सा सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और 'स्वच्छ भारत अभियान' को मजबूती देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब रिंग्स द्वारा मीरा युग फाउंडेशन के सौजन्य से राजकोट की प्रसिद्ध कंपनी 'पेन हेल्थ एंड हाइजीन' के सहयोग से महिला श्रद्धालुओं को 'एवरटीन माहवारी देखभाल' सेनेटरी पैड एवं छोटे बच्चे हेतु डायपर भी निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं।यह शिविर 22 फरवरी से 28 फरवरी तक निरंतर 24 घंटे अपनी सेवाएं प्रदान करेगा।

## विश्व हिन्दू परिषद की नगर बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** विश्व हिन्दू परिषद की नगर बैठक रविवार को विहिप नगर कार्यालय कोटपूतली पर नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला सहमंत्री एड. शिवकुमार गुप्ता ने आगामी कार्यक्रम रामोत्सव, सेवा सप्ताह कार्य आदि पर प्रकाश डाला। नेमीचंद हिन्दू ने बताया कि विष्व के समस्त हिन्दुओं के हित के चिंतन के लिये विष्व हिन्दू परिषद कार्य करता हैं। बैठक में नवीन दायित्व की घोषणा हुई। जिसमें अमरजीत सोनी नगर उपाध्यक्ष, नीरज मंडोवरा को धर्म प्रचार प्रमुख, सतीश योगी को धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख, दयाराम कुमावत को सामाजिक समरसता प्रमुख, बिल्लूराम सैनी को प्रचार प्रसार प्रमुख, संदीप सैनी को सेवा प्रमुख, एड. अनुप शर्मा को सह विधि प्रमुख का दायित्व दिया गया। बजरंग दल का नगर सह संयोजक दिनेश कुमार सैनी, अमित सैनी को नगर गौरक्षा प्रमुख बनाया गया। बैठक में बजरंग दल सह संयोजक ऋषिराज माथुर, महेश सैनी, रामसिंह सैनी, कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल समेत अन्य मौजूद रहें।

# जयपुर में 15 महीनों में 1700 से ज्यादा रास्ते खुले, लाखों ग्रामीणों की राह हुई आसान

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से जयपुर जिला प्रशासन के प्रयास लाए रंग

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी कर रहे अभियान की सतत मॉनिटरिंग

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,(का.स.)।** सुशासन और जनहित सर्वोपरि की नीति को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अनेक अभिनव पहले संचालित की जा रही हैं। इन्हीं पहलों में से एक है जयपुर जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वित रास्ता खोलो अभियान, जिसने मात्र 15 महीनों में ग्रामीण अंचलों की तस्वीर बदल दी है।

जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल से जयपुर जिले में वर्षों से बंद पड़े 1700 से अधिक रास्ते खुलवाए गए, जिससे लाखों ग्रामीणों की खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच सुगम हुई है। रास्ता खोलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की सतत एवं सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवाद आधारित रणनीति के चलते कई वर्षों पुराने विवादों का समाधान सहमति एवं समझाइश से किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील अव्वल रही, जहां सर्वाधिक 148 रास्ते खुलवाए गए। वहीं मौजमाबाद तहसील में 132 रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई।

अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में रास्ता खोलो अभियान केवल मार्ग खोलने तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को सुगम बनाने का सशक्त माध्यम बन गया है। 15 नवम्बर 2024 से 21 फरवरी 2026 की अवधि में रास्ता खोलो अभियान के तहत जयपुर में कुल 1 हजार 703 रास्ते खुलवाए गए। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी के तहत सहमति और समझाइश से गांवों, खेतों और ढाणियों के वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खोला जा रहा है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के तहत फागी तहसील में सर्वाधिक 148 रास्ते खुलवाए गए। इसके बाद मौजमाबाद में 132, आंधी में 119, चौमूं में 103, शाहपुरा में 100, फुलेरा एवं चाकसू में 91-91, जमवारामगढ़ में 90, आमेर एवं दूदू में 89-89, रामपुरा डाबड़ी में 85, माधोराजपुरा में 83, बस्सी में 81, जोबनेर में 79, किशनगढ़ में 75, कोटखावदा में 72, जालसू में 70, तुंगा में 57, सांगानेर में 34, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खुलवाए गए।

## खेलदिवस पर बच्चों की जोरदार परफॉमेंस

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** जवाहर नगर स्थित ऑर्किड इंटरनेशनल प्री-स्कूल का वार्षिक खेल दिवस सरस्वती स्कूल स्थित टर्बो टर्फ मैदान में उत्साह और ऊर्जा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीति महाजन ने रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोडक़र किया। इसके बाद बच्चों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने सभी अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत जिम्नास्टिक का आकर्षक प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। बच्चों ने आत्मविश्वास और तालमेल के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खेल दिवस के दौरान विभिन्न प्रकार की रचनात्मक दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सूक्ष्म मोटर स्किल्स, संतुलन क्षमता, थ्रोइंग एवं कैचिंग स्किल्स, आई-हैंड कोऑर्डिनेशन, कूदने और दौडऩे की दक्षता को प्रदर्शित किया गया। नन्हे बच्चों को इतनी सटीकता और उत्साह के साथ प्रदर्शन करते देखना अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक क्षण था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सूर्य नमस्कार के शक्तिशाली आसनों की भी प्रस्तुति दी, जिससे खेल के साथ-साथ योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. नीती महाजन ने कहा कि किसी भी विद्यालय के लिए खेलों पर विशेष जोर देना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी उद्देश्य से ऑर्किड प्री स्कूल प्रतिवर्ष अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी उत्साहपूर्ण सहभागिता रही और सभी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।

## राज बिल्डर्स ने किया राजमिस्त्री कार्यशाला का आयोजन: भवन निर्माण की नई तकनीकों से रूबरू हुए शिल्पकार

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** निर्माण क्षेत्र में गुणवत्ता और नई तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय 'राज बिल्डर्स' द्वारा एक 'शिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के अनुभवी राजमिस्त्रियों और शिल्पकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तकनीकी बारीकियों पर चर्चा

कार्यशाला के मुख्य वक्ता अल्ट्राटेक सीमेंट के तकनीकी अधिकारी इंजीनियर आकाश राठौड़ रहे। उन्होंने उपस्थित शिल्पकारों को आधुनिक भवन निर्माण तकनीक, कंक्रीट की मजबूती और सीमेंट के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे नई तकनीकों को अपनाकर न केवल निर्माण की लागत कम की जा सकती है, बल्कि मकानों को अधिक टिकाऊ और भूकंपरोधी भी बनाया जा सकता है।

अतिथियों का संबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरपीएस प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में शिल्पकारों के कौशल की सराहना करते हुए कहा, 'क्षेत्र में हो रहे बेहतरीन निर्माण कार्यों का श्रेय इन्हीं कर्मठ शिल्पकार भाइयों को जाता है। ऐसी कार्यशालाएं उनके हुनर को निखारने का काम करती हैं।' राज बिल्डर्स के निदेशक राज कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और शिल्पकारों का माला एवं साफा पहनाकर मान-सम्मान किया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक के तकनीकी कार्यकारी इंजीनियर कृपाशंकर सैनी और सेल्स टीम से गिरिराज प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में शिल्पकारों ने बताया कि इस आयोजन से उन्हें निर्माण संबंधी नई और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं, जो भविष्य में उनके काम की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगी।

## प्रदीप महावर वैश्य महासमिति राजगढ़ के निर्विरोध अध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** वैश्य महासमिति की एक आम बैठक अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हुई जिसमें 25-26 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रदीप महावर का निर्वाचन निर्विरोध रूप से किया गया, निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रदीप महावर के नाम पर सभी उपस्थित वैश्य बंधुओं ने आम सहमति प्रदान कर इन्हें समाज के उत्थान एवं विकास हेतु अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया हैं नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर पदम चंद गुप्ता, महामंत्री संजय खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक भंडारी, अंकेक्षक जिनेन्द्र जैन को सम्मिलित किया गया हैं। इस अवसर पर वैश्य महासमिति के पूर्व अध्यक्ष महेश गोयल, राहुल अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, यशवंत गोयल, बाबूलाल डायला, बालकिशन झालानी, दीपक विजय, दीपक खंडेलवाल, गिरिराज अग्रवाल सहित अन्य वैश्य बंधु उपस्थित रहे, महावर ने अध्यक्ष नियुक्त होने पर वैश्य समाज के हितों की रक्षा करने एवं समाज को संगठित एवं एकजुट होकर सामूहिक भागीदारी करने का आश्वासन दिया।

## अकाल मृत्यु का शिकार हुए परिंदों की शांति हेतु भव्य शांति यज्ञ आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय, कैलगिरी रोड, मालवीय नगर, जयपुर द्वारा रविवार, 22 फरवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक अकाल मृत्यु का शिकार हुए परिंदों की आत्मा की शांति के लिए भव्य हवन एवं शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राणा ने की। इस अवसर पर महासचिव कमल लोचन, रमेश गंगवाल, भगवान गट्टानी, आर.के. अग्रवाल, वीरेंद्र मेहता, डॉ. मनोज शर्मा, रवि खत्री सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। हवन में सचिव बनवारी लाल विजय एवं पुष्पा विजय (बांदीकुई) को जोड़े से हवन कुंड पर बैठकर आहुतियां देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यज्ञ के दौरान भक्ति एवं संवेदना का वातावरण बना रहा। अंत में एक गायक कलाकार ने 'आदमी मुसाफिर है' गीत की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा और तालियों से स्वागत किया।

## तीन माह बाद भी एनजीटी के आदेशों की पालना नहीं होने से धरणार्थी परेशान

### जोधपुरा संघर्ष संघर्ष समिति के बैनर तले धरणार्थियों ने विधानसभा घेराव के लिये किया पैदल कूच, पुलिस ने धरणार्थियों को कुजोता मोड़ पर रोका

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की तीन माह बाद भी पालना नहीं होने से परेषान धरणार्थियों ने जोधपुरा संघर्ष संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को प्रातः 11 बजे अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के गेट नं. 02 से जयपुर विधानसभा घेराव के लिये पैदल कूच किया। धरणार्थियों के पैदल कूच को कूजोता मोड़ पर भारी पुलिस जाप्ते ने रोक लिया। मौके पर एसडीएम रामावतार मीणा, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़, कोटपूतली एसएचओ राजेश कुमार शर्मा व सरूण्ड एसएचओ यशपाल सिंह भारी पुलिस जाप्ता लेकर पहुंचे और पैदल कूच को कूजोता मोड़ में जबरन रोके रखा एवं 02 घण्टे वार्ता के बाद प्रशासन व पुलिस ने धरणार्थियों को एनजीटी के आदेश की एक सप्ताह में पालना कराने का लिखित समझौता किया। तब जाकर धरणार्थियों ने जयपुर विधानसभा घेराव के पैदल कूच कार्यक्रम को स्थगित कर मूल धरना स्थल पर वापस आकर मन्दिर प्रांगण में धरने पर बैठ गये। पैदल कूच का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने किया। सचिव कैलाश यादव ने स्पष्ट किया कि एक सप्ताह में सुनवाई नहीं हुई तो जिला कलेक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, प्रभुदयाल गुरुजी, लीलाराम यादव, रामनिवास योगी, रामावतार यादव, रामू यादव, धर्मपाल योगी, लीलाराम यादव, धर्मपाल यादव, प्रकाश सोरल, हरिराम यादव, श्रीराम योगी, गोलू सुरेलिया, मंगल धानका, रामचंद्र योगी, भूपसिंह धानका, ओमप्रकाश यादव, आदित्य योगी, रेणु योगी, नीरज योगी, रोहिताश योगी, सतपाल यादव, हरिसिंह ठेकेदार, मूलचंद योगी, पवाना संघर्ष समिति से ग्यारसीलाल आर्य, रोहिताष यादव, कांसली धरने से शिवराम यादव, अशोक यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

## चिकित्सा शिविर के माध्यम से श्याम भक्तों की कर रहे हैं सेवा




बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले में आने वाले श्याम श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नोवंता हॉस्पिटल, ठीकरिया शाहपुरा की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल के एजीएम अजय राव कांवट ने बताया कि बाबा श्याम के मेले में आने वाले भक्तों की सेवा के लिए रींगस खाटूश्यामजी सडक़ मार्ग पर करणी माता मंदिर के पास आठ दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अस्पताल की अलग-अलग मेडिकल टीमें 24 घंटे अपनी सेवाएं दे रही है। श्याम श्रद्धालुओं को शिविर में निशुल्क दवाईयां वितरण के साथ-साथ पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं के जख्मों पर मरहम पट्टी भी की जा रही है। मेडिकल टीम की चिकित्सा सेवाओं की श्याम भक्तों द्वारा सराहना की जा रही है।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ, भारत की चिंता बढ़ी

दिल्ली पुलिस की ओर से तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए गए आठ संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में जिस तरह यह जानकारी सामने आई कि वे देश की राजधानी में किसी बड़े हमले की साजिश रच रहे थे, उससे यही पता चलता है कि आतंकी संगठनों का दुस्साहस कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तमिलनाडु और बंगाल से जो आतंकी गिरफ्तार किए गए, उनमें से अधिकांश बांग्लादेशी हैं, लेकिन वे पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के इशारे पर काम कर रहे थे। उनका हैंडलर बांग्लादेश में बैठा एक कुख्यात कश्मीरी आतंकी बताया जा रहा है। इसका मतलब है कि बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ कायम हो गई है। यह एक नया खतरा है और इससे भारत की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के आतंकी तत्वों के बीच साठगांठ पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में तब हुई, जब मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का संचालन कर रहे थे। यह किसी से छिपा नहीं कि इस दौरान उन्होंने न केवल अपने देश के भारत विरोधी कट्टरपंथी तत्वों को उकसाने का काम किया, बल्कि पाकिस्तान से संबंध बढ़ाने में भी जुटे रहे। हैरानी नहीं कि इस सबके चलते पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सरगना बांग्लादेश पहुंचे हों। जो भी हो, भारत



की सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि कश्मीर के बहाने आतंकी तत्वों को बहकाने और उकसाने का काम जारी है। दिल्ली पुलिस की ओर से पकड़े गए आतंकियों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता में भारत विरोधी पोस्टर चस्पा किए थे। इन पोस्टरों की छानबीन के तहत ही दिल्ली पुलिस संदिग्ध आतंकियों तक पहुंची। ध्यान रहे कि कुछ महीने पहले दिल्ली में लालकिले के निकट धमाका करने वाले आतंकी के साथियों ने भी इसी तरह श्रीनगर में भारत के खिलाफ पोस्टर लगाए थे। श्रीनगर में लगाए गए पोस्टरों की छानबीन से ही फरीदाबाद के उस आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था, जिसमें कई डाक्टर शामिल थे और जिनमें से एक ने आत्मघाती हमलावर बनकर लालकिले के निकट कार में विस्फोट किया था। ये दोनों घटनाएं यही बताती हैं कि पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों को प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और उनकी गहन जांच भी करनी चाहिए। दिल्ली पुलिस के हाथ आए संदिग्ध आतंकियों के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं और वे उन्हीं के जरिये तमिलनाडु एवं कोलकाता में काम कर रहे थे। इसका अर्थ है कि लोगों को इसके लिए आगाह किया जाए कि वे किसी को काम पर रखने के पहले उनके पहचान पत्रों की जांच सावधानी से करें।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 23 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1886 - अमेरिका के रसायनशास्त्री और आविष्कारक मार्टिन हेल ने अलम्यूनियम की खोज की।
- 1940 - रूसी सेनाओं ने यूनान के समीप स्थित लासी द्वीप पर क़ब्ज़ा किया।
- 1952 - कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया।
- 1970 - गयाना देश गणराज्य बना और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
- 1998 - जैविक एवं रासायनिक हथियारों की जांच को लेकर हुए गतिरोध को समाप्त करने के लिए सं.रा. महासचिव कोफी अन्नान व इराकी उपप्रधानमंत्री तारिक अजीज के बीच ऐतिहासिक समझौता सम्पन्न, विश्व में पहली बार बछड़े की प्रतिकृति क्लोन सं.रा. अमेरिका में तैयार।
- 2001 - अमेरिकी सीनेट द्वारा सीटीबीटी खारिज, प्रक्षेपास्त्र रक्षा प्रणाली जारी रखने की घोषणा।
- 2003 - कनाडा के डेविसन ने विश्वकप का सबसे तेज़ शतक लगाकर 1983 में बनाये गये कपिलदेव का रिकार्ड तोड़ा।
- 2005 - अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
- 2006 - ईराक में जातीय हिंसा में 159 लोग मारे गये।
- 2007 - पाकिस्तान ने शाहीन-2 का परीक्षण किया।
- 2008-
- 10 साल बाद चुनार सीमेण्ट फैक्ट्री में उत्पादन शुरू हुआ। रक्षामंत्री ए.के. एंटनी ने जेट ट्रेनर हॉक विमान को देश के बेड़े में शामिल करने की औपचारिक घोशणा की।
- कोलंबो में हुए एक विस्फोट में 18 लोग घायल हुए।
- 2009- भारतीय तीरंदाज थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एशियाई ग्रां प्री तीरंदाजी चैम्पियनशिप में टीम स्पर्धा में तीन रजत पदक जीते।
- 2010- 2962वें वन डे में बनाए गए पहला दोहरा शतक बनाने वाले सचिन की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रिका से ग्वालियर के कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम में खेला गया एकदिवसीय मैच 153 रनों से जीत लिया। 402 रनों के लक्ष्य के जबाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43वें ओवर में 248 रन बनाकर आउट हो गई।

## विशेष आलेख

# अगर कांग्रेस ने अब भी सुधार नहीं किए तो वह दिन दूर नहीं जब यह पार्टी इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी



अशोक भाटिया

देखा जाय तो कांग्रेस 2014 से लगातार गलतियों पर गलतियां कर रही है । हाल कि गलती से जो हाल में उसकी किरकिरी हुई है उससे उसके ही साथी दल नाराज है और कांग्रेस से किनारा कर रहे है । बताया जाता है कि दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'ए आई इंडिया समिट 2026' में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के किए गए शर्टलेस प्रदर्शन की जमकर निंदा हो रही है। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने भी इस प्रदर्शन की आलोचना की।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने झांसी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने ऐसा नहीं करना चाहिए था। यूथ कांग्रेस को विदेशी डेलीगेट्स के सामने अपमान करने से बचना चाहिए था । उन्होंने इशारों-इशारों में आगे कहा, अब जो और हंगामा (कांग्रेस यूथ का प्रदर्शन) हुआ है, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। भाजपा सरकार झूठ बोलती है धोखा देती है। वह अलग बात है कि हमारे बीच मतभेद हैं, हम आंतरिक लड़ाई लड़ सकते हैं। अब तो पूरा देश जान चुका है कि बीजेपी झूठ बोलती है, लेकिन ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिए था जिससे विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने देश का अपमान हो।

इससे पहले बहुजन समाजवादी पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कृत्य की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अगर यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण देश की गरिमा और छवि को धूमिल करने वाला था, ऐसा नहीं करना ही उचित होगा। मायावती ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, 'नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' जिसमें देश और विदेश के भी काफी प्रमुख लोग आमंत्रित थे और इवेंट अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था।

इस दौरान जिन भी लोगों द्वारा अर्द्धनग्न होकर अपना रोष प्रकट किया है जिसमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं, वह अति-अशोभनीय और निन्दनीय है।' उन्होंने आगे लिखा, 'अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण करना यह चिन्ता की बात है अर्थात अपने देश की गरिमा और छवि को ना बिगाड़ा जाये तो इसके बाद वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया और पूर्व आंध्र मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने भी कांग्रेस पार्टी की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दुनिया के सामने हमें एकजुट होकर नजर आना जरूरी है। उन्होंने लिखा, 'कल एआई समिट में यूथ कांग्रेस ने हम सभी को शर्मिंदा किया है। हमारी राजनीति किस दिशा में जा रही है। किसी को भी कभी हमारे देश को ऐसे नीचा नहीं दिखाना चाहिए। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के सामने हमें आपस में एकजुट होकर ही रहना चाहिए।' भाजपा समेत तमाम पार्टियों ने भले ही इस मुद्दे पर सरकार का साथ दिया हो, लेकिन कांग्रेस पार्टी अभी भी अपनी गलती न मानते हुए अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी हुई है।

कांग्रेस पार्टी की तरफ से कहा गया है कि भारत एक लोकतंत्र है और लोकतंत्र में, विरोध करने का अधिकार सभी का होता है, सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होता है।पार्टी का कहना है कि यह प्रदर्शन 'लाखों गुस्साए बेरोजगार युवाओं की आवाज' थी। इस विरोध प्रदर्शन का निशाना 'समझौता करने वाले' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। कांग्रेस ने कहा कि यूथ कांग्रेसए आई समिट के खिलाफ नहीं हैं, और वे अब और चुप नहीं बैठेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि देश में पिछले 12 सालों से दरारों को छिपाया जा रहा है। आज देश के नौजवानों ने उन दरारों पर चिपकाए गए इश्तेहारों को फाड़ दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी कहना है कि आज यूथ कांग्रेस ने नौजवानों के रोष, गुस्से को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के जरिये एआई समिट में दर्ज कराया। खेड़ा ने कहा कि मीडिया का एक धड़ा इसको लेकर शोर मचा रहा है कि बहुत गलत जगह विरोध प्रदर्शन किया है। इससे देश की बदनामी हो गई। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि विरोध प्रदर्शन कहां किया जाता है? उन्होंने कहा कि विरोध वहीं होता है जहां लोगों को दिखता है। कांग्रेस नेता ने शायराना अंदाज में सरकार पर तंज कसा। दरअसल कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या नेतृत्व की कमी है। राहुल गांधी को युवा नेता के तौर पर पेश किया गया, लेकिन वे जनता से जुडने में नाकाम रहे। उनकी सबसे बड़ी गलती यह रही कि वे राजनीति को गंभीरता से नहीं ले सके। 2014 में 'आलू से सोना बनाने' वाला बयान हो या चुनाव प्रचार के दौरान छुट्टियां मनाना ऐसे कई मौके आए जब राहुल की छवि एक गैर-गंभीर नेता की बनी। वे न तो पार्टी संगठन को मजबूत कर पाए और न ही चुनावी रणनीति में कोई नया प्रयोग किया।राहुल गांधी की दूसरी बड़ी गलती थी, युवा नेताओं को आगे न बढ़ाना। ज्योतिरादित्य सिंधिया, हिमंता बिस्वा सरमा जैसे कई युवा नेता कांग्रेस छोडक़र चले गए क्योंकि उन्हें पार्टी में उचित सम्मान नहीं मिला।

कांग्रेस पार्टी का पूरा ढांचा गांधी परिवार के इर्द-गिर्द घूमता है। पार्टी में लोकतांत्रिक तरीके से नेता नहीं चुने जाते। चाहे कोई कितना भी मेहनत करे, अगर वह गांधी परिवार के करीब नहीं है तो उसे महत्वपूर्ण पद नहीं मिलता। इस 'रॉयल फैमिली' वाली छवि ने पार्टी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। आम जनता को लगता है कि यह पार्टी सिर्फ एक परिवार की संपत्ति है। 1990 के दशक तक कांग्रेस का हर गांव, हर मोहल्ले में मजबूत संगठन था। लेकिन आज वह संगठन लगभग खत्म हो चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ता अब सक्रिय नहीं रहे। दूसरी तरफ, भाजपा ने आरएसएस के माध्यम से जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा कर लिया है।

कांग्रेस के पास न तो कार्यकर्ता हैं और न ही उन्हें प्रेरित करने का कोई विचार। कांग्रेस पार्टी के सामने अस्तित्व का संकट है। अगर पार्टी को फिर से खड़ा होना है तो उसे कई कठोर फैसले लेने होंगे। सबसे पहले, पार्टी को गांधी परिवार की छाया से बाहर निकलना होगा और लोकतांत्रिक तरीके से नेतृत्व चुनना होगा। दूसरा, जमीनी संगठन को फिर से मजबूत करना होगा। तीसरा, आधुनिक संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग करना होगा।लेकिन सबसे जरूरी है एक नई विचारधारा और एजेंडा विकसित करना। कांग्रेस को यह बताना होगा कि वह देश को कहां ले जाना चाहती है। सिर्फ भाजपा की आलोचना करने से काम नहीं चलेगा।बिहार की हार एक और चेतावनी है। अगर कांग्रेस ने अब भी सुधार नहीं किए तो वह दिन दूर नहीं जब यह पार्टी इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के पास अब भी वक्त बचा है?

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# नेता मंच पर, कार्यकर्ता पंचनामे में और लोकतंत्र जिंदाबाद



पवन वर्मा

*सुबह तक जो कार्यकर्ता पार्टी के 'शेर' थे, शाम होते-होते मेडिकल रिपोर्ट और जमानत के कागज़ ढूंढते नजर आए। लोकतंत्र में भागीदारी का यह नया मॉडल है पहले जोश दिखाओ, और जब होश में आओ तो वकील खोजो।*

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान ही प्रदेश की व्यापारिक राजधानी और राजनीतिक राजधानी में एक ही दिन लोकतंत्र का एक और उत्सव संपन्न हुआ। पत्थरों की वर्षा के बीच विचारधारा की ऐसी गंगा बही कि कार्यकर्ता सीधे अस्पताल और फिर थाने के दर्शन कर आए। लोकतंत्र की खूबसूरती देखिए। पहले नारे, फिर धक्का-मुक्की, फिर पथराव, और अंत में एफआईआर। सुबह तक जो कार्यकर्ता पार्टी के 'शेर' थे, शाम होते-होते मेडिकल रिपोर्ट और जमानत के कागज़ ढूंढते नजर आए। लोकतंत्र में भागीदारी का यह नया मॉडल है पहले जोश दिखाओ, और जब होश में आओ तो वकील खोजो। भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दफ्तर के बाहर और इंदौर में जो दृश्य बने, वो किसी राजनीतिक बहस से ज्यादा एक एक्शन फिल्म के क्लाइमेक्स जैसे थे। फर्क बस इतना था कि यहां 'कट' बोलने वाला कोई डायरेक्टर नहीं था। कैमरे जरूर थे मीडिया के और जब कैमरे होते हैं तो जोश थोड़ा और बढ़ जाता है। कार्यकर्ता बेचारे क्या करें? उन्हें बताया गया, लोकतंत्र खतरे में है, दफ्तर घेरना है, आवाज बुलंद करनी है। उन्होंने आवाज इतनी बुलंद की कि पत्थर भी उड़ चले। उधर सामने वाले भी कम नहीं थे, उन्होंने भी सोचा, लोकतंत्र बचाना है तो जवाब तो देना ही पड़ेगा फिर क्या था, लोकतंत्र दोनों तरफ से सुरक्षित कर लिया गया। अब दृश्य बदला है। अस्पताल के बाहर पट्टियां बंधी हैं, सोशल मीडिया पर बयानबाजी है, और थाने में धाराएं लगी हैं। पुलिस ने निष्पक्षता का परिचय देते हुए दोनों तरफ के कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया है आखिर कानून सबके लिए बराबर है। जो भी पत्थर फेंके, उसे कोर्ट का रास्ता दिखे। और नेता जी ? वे बयान दे रहे हैं, कोई कह रहा है कि हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हमला हुआ। दूसरा कह रहा है कि हमारे दफ्तर पर सुनियोजित हमला था। दोनों तरफ से शब्दों के पत्थर अब भी चल रहे हैं, बस फर्क इतना है कि अब वे कागज और कैमरे के जरिए फेंके जा रहे हैं। लेकिन असली नायक कौन? वही जमीनी कार्यकर्ता, जो दरियां बिछाता है, झंडे लगाता है, पर्चे बांटता है, घर घर जाकर वोटर निकालता है, जिसने जोश में आकर पार्टी का मान रखा और अब वकील का नंबर मोबाइल में सेव कर रहा है।उसे अब समझाया जा रहा है। डरो मत, पार्टी तुम्हारे साथ है। लेकिन वह अच्छी तरह से जानता है कि हां, साथ है, बयान में, ट्वीट में, और प्रेस कॉन्फ्रेंस में। कोर्ट की तारीख पर साथ कौन जाएगा, यह अगली रणनीतिक बैठक में तय होगा।

लोकतंत्र में भागीदारी का यह व्यावहारिक पाठ बड़ा रोचक है। पहले नारे लगाओ, हम लड़ेंगे! फिर पुलिस कहे, अच्छा, अब थाने चलिए। वहां से आवाज आती है वकील साहब, जमानत कराइए। कोर्ट-कचहरी का चक्कर भी लोकतंत्र का ही हिस्सा है। तारीख पर तारीख मिलती है, और हर तारीख पर कार्यकर्ता को याद आता है कि उसने पत्थर किस विचारधारा के लिए उठाया था। विचारधारा धीरे-धीरे धुंधली होती है, लेकिन केस नंबर याद रहता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### फिजूलखर्ची

सुनिए जी, आज वह गौशाला वाला आया था, शर्मा जी के घर। मैं भी उनके यहाँ थी तो मैंने भी 501 रुपये की पर्ची कटवा दी, ससुर जी के नाम। दो दिन बाद उनकी बरसी है ना! शारदा ने चहकते हुए कहा! तुम्हारा तो दिमाग खऱाब हो गया है। मैं यहाँ दफ्तर में दिन-रात खटता रहता हूँ और तुम्हें दान की पड़ी है! आइन्दा मुझे इस तरह की फिजूलखर्ची नहीं चाहिए! विश्वास लगभग बरस ही पड़ा था शारदा पर। चार दिन बाद ब्रजेश की शादी में गए तो विश्वास ने नाचते-नाचते अचानक नोटों की गड्डी जेब से निकाली और घोड़ी के आगे झूमते शराबी बारातिओं पर वार कर हवा में उछाल दी। दूर से यह सब देखती हुई शारदा फिजूलख़र्ची की परिभाषा नहीं समझ पा रही थी ।



## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# किडनी के मरीज भूलकर भी न करें इन फलों का ज्यादा सेवन

01.अनार- अनार आमतौर पर सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन किडनी ज्यादा खराब होने की स्थिति में इसका ज्यादा सेवन नुकसानदायक हो सकता है। खासकर, अनार का जूस अधिक मात्रा में पीना किडनी पर दबाव बढ़ा सकता है। इससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

02.मौसमी- मौसमी और उसका जूस शरीर को ताजगी देता है, लेकिन अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से किडनी की फिल्टर करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।अगर आपको किडनी से जुड़ी कोई समस्या है, तो मौसमी का ज्यादा सेवन करने से बचें।

03.केला- केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो सामान्य लोगों के लिए फायदेमंद है।

लेकिन जिनकी किडनी ठीक से काम नहीं कर रही, उनके लिए नियमित रूप से रोजाना केला खाना नुकसानदायक साबित हो सकता है।

04.संतरा -संतरा विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। लेकिन किडनी की समस्या होने पर रोजाना ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। अगर किडनी खराब है और आप रोजाना ज्यादा मात्रा में संतरे का जूस पी रहे हैं, तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

05.स्टार फ्रूट- स्टार फ्रूट में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। लेकिन किडनी से जुड़ी समस्याओं में इसका ज्यादा सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। खासतौर पर, कमजोर किडनी वाले मरीजों को इससे दूरी बनाने की सलाह दी जाती है।




### मेष
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला परिणाम लेकर आएगा, लेकिन सही सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण से आप इसे अपने पक्ष में मोड़ सकते हैं। मन में किसी के प्रति ईर्ष्या या द्वेष की भावना रखने से बचें।

### वृष
आज भाग्य आपका साथ देगा और आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। आप अपनी आय बढ़ाने के नए अवसरों पर ध्यान देंगे और भविष्य को लेकर योजनाएँ भी बनाएंगे।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए संतुलन और सकारात्मकता लेकर आएगा। आप किसी धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं, जिससे मन को शांति मिलेगी।

### कर्क
आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत का विचार कर सकते हैं, लेकिन अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा करने से बचें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए खास अनुभव लेकर आएगा। यदि आप दांपत्य जीवन में सामंजस्य बनाकर चलेंगे तो परिवार और भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

### कन्या
आज आपके दिल की कोई इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे मन में संतोष और खुशी दोनों महसूस होंगे। आप जीवनसाथी के लिए कोई खास उपहार लेकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश करेंगे।

### तुला
आज आपको अपने बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। कामकाज में व्यस्तता अधिक रहेगी और कुछ ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं जिन्हें टालना संभव नहीं होगा। संतान की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है, जिससे मन थोड़ा परेशान रहेगा।

### वृश्चिक
आज आपके मन में किसी निर्णय को लेकर असमंजस बना रह सकता है, लेकिन अपनी मेहनत पर भरोसा रखना ही आपको सही दिशा देगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

### धनु
आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा और आपको अपने जरूरी काम टालने से बचना होगा। पारिवारिक मामलों को मिल-बैठकर सुलझाना ही बेहतर रहेगा, इससे रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

### मकर
आज आपको जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ काम करना होगा। नया प्रोजेक्ट या नई जिम्मेदारी मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। निवेश से जुड़े फैसले लाभदायक साबित हो सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन चुनौतियों के साथ सीख भी लेकर आएगा। परिवार और दोस्तों का सहयोग आपको हर परिस्थिति में मजबूत बनाए रखेगा। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचना बेहतर रहेगा।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सामाजिक और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति का संकेत दे रहा है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आपके कामों की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में किए गए प्रयास सफल होंगे।

# संकल्पः दौसा एम एल ए रामबिलास मीणा बोले-परसादीलाल से ज्यादा सड़कें बनाऊंगा, वरना शक्ल नहीं दिखाऊंगा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ लालसोट (राकेश शर्मा)।** विधायक रामबिलास मीणा ने पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता परसादीलाल मीणा को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनके दो साल के कार्यकाल में पूर्व मंत्री (परसादी लाल मीणा) के दो कार्यकाल (दस वर्ष) से अधिक सडकें नहीं बनी होंगी तो वे जनता के बीच अपनी शक्ल नहीं दिखाएंगे।

विधायक रामबिलास मीना रविवार को शहर के गौरव पथ बायपास पर करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से 300 किलोमीटर सडकें बन चुकी हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री गांवों में यह कहते फिर रहे हैं कि उन्हें कहीं सडक नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि वे जनता के माध्यम से पूर्व मंत्री को चुनौती देते हैं कि पांच वर्ष नहीं, बल्कि उनके दो कार्यकाल यानी दस वर्षों में बनी सडकों और उनके दो वर्षों में बनी सडकों का तुलनात्मक रिकॉर्ड सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय में रखवाया जाए। दोनों पक्षों से पांच-पांच प्रतिनिधि बैठाकर रिकॉर्ड की जांच करवा ली जाए। यदि उनके दो साल में बनी सडकें पूर्व मंत्री के दो कार्यकाल से कम निकलेंगी तो वे जनता के बीच नहीं आएंगे। विधायक ने कहा कि पिछले दो वर्षों से वे केवल गड्ढों को भरने का काम कर रहे हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में करीब 150 किलोमीटर सडकों के गड्ढे भरे जा चुके हैं। दो साल पहले अधिकांश सडकें जर्जर हालत में थीं। बायपास सडक निर्माण के नाम पर पहले कई बार केवल लीपापोती की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री कॉलेज खोलने के दावे करते हैं, जबकि जो कॉलेज बने हैं, वे राजसेस योजना के तहत बने हैं। आज तक उनमें सरकारी कर्मचारी नियुक्त नहीं हुए हैं और सभी कर्मी संविदा पर कार्यरत हैं।

### काम करो, कोरे भाषण मत दो - परसादीलाल

पूर्व मंत्री परसादीलाल मीना ने विधायक की चुनौती पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि काम करो, कोरे भाषण मत दो। जनता ने उन्हें विधायक की जिम्मेदारी दी है, उसे निभाएं। उन्होंने कहा कि दो साल में कोई ठोस काम नहीं हुआ है। अधिकांश सडकें खुदी पड़ी हैं।उन्होंने बताया कि लालसोट से तूंगा, लालसोट से खटवा तथा बिहारीपुरा-लालपुरा बायपास की सडकें लंबे समय से खुदी हुई हैं। कई सडकों पर अभी भी कार्य अधूरा पड़ा है। जनता सब जानती है कि पहले क्या हुआ और अब क्या स्थिति है।

## सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** रविवार को जाट धर्मशाला डिग्गी में 23 वे जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति टोंक द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन समिति अध्यक्ष राजेश बगडिय़ा करेड़ा द्वारा की गई ।बैठक में जाट धर्मशाला डिग्गी में बाहर की तरफ बनी 16 दुकानों को कमरों में बदल कर यात्रियों के उपयोग के लिए समर्पित किया करके लोकार्पण किया गई। यह कमरें जाट समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित जिला समिति टोंक के द्वारा समर्पित किया गई है जाट धर्मशाला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी पूर्व सरपंच डिग्गी सौपा गई कमरों को चौबी,मंत्री रामकरण बुगालिया, संगठन मंत्री प्रहलाद दगोलिया, ,सत्यनारायण सरुडिया, मंत्री बद्रीलाल दगोलिया, पवन जाखड़ , रामेश्वर सिंह सांडीवाल, बजरंग सरुडिया, कैप्टन धन्ना लाल गणेती, लाल साड़ीवाल , शंकर लाल हुडा ,अशोक चौधरी, सूरज कुलरिया, हंसराज मुंडेल, सूरजमल गोलाड़ा ,सूरज लाबा, रतन लांबा, शिवराज लाबा, चौथमल नागा, रामेश्वर चौधरी , कैलाश बेनीवाल, सोजीराम, रामप्रताप, केदार ताकर, रोशन बगडिय़ा, रामनारायण सरूडिया, सम्मेलन समिति के संयोजक रामलाल बगडिय़ा, समिति के प्रवक्ता रामधन जावल्या नंदलाल जावल्या, सवाईराम रोलाणिया, सत्यनारायण डोडावता, नन्दलाल जाट समाज बंधुओ मोजूद रहे।

## मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, मचा गया हडक़ंप, मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** समीपवर्ती लाखेरी थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के यार्ड क्षेत्र में शंटिंग प्रक्रिया के दौरान रविवार शाम को एक मालगाड़ी के तीन खाली बीसीएन वैगन पटरी से उतर गए। अचानक हुई घटना से कुछ समय के लिए हडक़ंप मच गया। घटना स्टेशन यार्ड की लाइन संख्या-8 पर उस समय हुई, जब मालगाड़ी एसीसी सीमेंट संयंत्र की ओर बढ़ रही थी।

**यात्री ट्रेनों के आवागमन पर प्रभाव नहीं :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शंटिंग के दौरान अचानक झटका महसूस हुआ और देखते ही देखते तीन डिब्बे ट्रैक से नीचे उतर गए। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी व तकनीकी दल तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना मुख्य रेलमार्ग पर नहीं, बल्कि यार्ड क्षेत्र में हुई, जिससे यात्री ट्रेनों के आवागमन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**घटना के कारणों की जांच जारी :** स्टेशन पर रेल यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहा। डिब्बे खाली होने से जनहानि अथवा किसी बड़े नुकसान की स्थिति भी नहीं बनी। पटरी से उतरे वैगन को पुन: ट्रैक पर चढ़ाने के लिए देर रात तक तकनीकी अभियान चलाया गया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा शंटिंग प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं की समीक्षा भी की जाएगी।

## संत निरंकारी मिशन के 150 सेवादारों ने किया श्रमदान



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** संत निरंकारी मिशन निवाई के लगभग 150 सेवादारों ने सेवा, समर्पण व स्वच्छता को लेकर परशुराम उद्यान मायला कुंड पर श्रमदान किया। जिससे पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ किया गया। सेवादार कमल हरचंदानी ने बताया कि सेवादारों ने सुबह 8 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन से परशुराम उद्यान व मायला कुंड तक एक विशाल रैली के साथ पहुंचे। रैली में पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की रक्षा एवं जल बचाने के नारे लगाए गए। रैली के बाद सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक प्राचीन मायला कुंड व परिसर की साफ-सफाई करके श्रमदान किया गया। इसके बाद एक घंटे तक वहीं सत्संग आयोजित हुआ और लंगर प्रसादी ग्रहण की। निवाई ब्रांच के मुखी तुलसी दास ने बताया कि यह अभियान संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट अमृत के तहत देश के एक हजार से अधिक शहरों में एक साथ आयोजित किया गया। सेवादल इंचार्ज सुरेश ने बताया कि मिशन को लेकर समय-समय पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के कार्य किए जा रहे है।

## अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल के मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रविवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन ने झिलाय रोड़ नई पुलिया पर एक मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी घासीराम मीणा मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को तुरंत निवाई उप जिला अस्पताल पहुंचाया। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि घायल की पहचान उसके मोबाइल फोन से झिलाय रोड़ पर कांवट एक्का की गली के पास निवास करने वाले श्रीराम अग्रवाल पुत्र भंवरलाल गुप्ता के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चिकित्सकों ने उसे तुरंत जयपुर रैफर कर दिया।

## चौथ माता मंदिर मार्ग पर चला पीला पंजा, 90 से अधिक दुकानें ध्वस्त, छटपटाकर रह गईं दुकानदार महिलाएं

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चौथ का बरवाड़ा कस्बे के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चौथ माता मंदिर परिसर स्थित खातोलाव क्षेत्र में रविवार को वन विभाग की अचानक हुई कार्रवाई ने हडक़ंप मचा दिया। जेसीबी मशीनों की गडग़ड़ाहट के बीच 90 से अधिक दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। दशकों से चल रही इन दुकानों के मलबे में सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी दफन हो गई।

पूछा अब बच्चों को क्या खिलाएं? कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कई दुकानदारों का आरोप है कि उन्हें न तो पूर्व सूचना दी गई और न ही सामान हटाने का पर्याप्त समय। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वन विभाग की टीम अचानक जेसीबी लेकर पहुंची। लोग समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है।

### महिलाओं ने हाथ जोडक़र मांगी मोहलत

महिलाओं ने हाथ जोडक़र मोहलत मांगी, लेकिन मशीनें चलती रहीं। स्थानीय लोगों के अनुसार खातोलाव क्षेत्र में 30-40 वर्षों से दुकानें संचालित हो रही थीं और यही सैकड़ों परिवारों की आय का मुख्य स्रोत थीं। अब अचानक हुई इस कार्रवाई से परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

### आश्वासन के बावजूद कार्रवाई, लोगों में आक्रोश

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक जितेंद्र गोठवाल की ओर से पहले आश्वासन दिया गया था कि दुकानदारों के हितों का ध्यान रखा जाएगा, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई हो गई। इससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। एक दुकानदार ने आक्रोश जताते हुए कहा, हमारा पुश्तैनी काम था। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हमें उजाड़ दिया गया। आखिर अब हम कहां जाएं?

### प्रशासन मौन, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग तेज

प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन प्रभावित परिवारों ने वैकल्पिक स्थान, पुनर्वास और मुआवजे की मांग को लेकर आवाज बुलंद कर दी है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल से जुड़े इस क्षेत्र में दशकों से व्यवसाय चल रहा था, ऐसे में अचानक की गई कार्रवाई से सामाजिक और आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### आजीविका का सवाल

मंदिर परिसर में हुई इस कार्रवाई ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में मानवीय पक्ष को नजर अंदाज किया जा सकता है? सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर आए इस संकट ने कस्बे में तनाव का माहौल बना दिया है। अब निगाहें प्रशासन की अगली पहल पर टिकी हैं कि क्या प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी या वे यूं ही मलबे के बीच अपने भविष्य को तलाशते रहेंगे।

## सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की जिला कार्यकारणी घोषित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा की अनुमति से जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने जिला कार्यकारणी की घोषणा की है, जिसमें प्रधान संरक्षक शंभूदयाल शर्मा, संरक्षक महंत पंडित सुरेश दुबे, शिवप्रसाद शर्मा, डॉ. प्रेमशंकर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर उपाध्याय, दुर्गाशंकर शर्मा, विष्णु पारीक, चन्द्रप्रकाश शर्मा, सोभागमल शर्मा, प्रदीप पारीक निवाई, गोविंदनारायण शर्मा हरिपुरा, रमेश चन्द शर्मा देवली, राजेश जोशी उनियारा, ब्रह्मानंद शर्मा, दिनेश तिवाड़ी, उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा देवली, इन्दुशेखर शर्मा टोड़ारायसिंह, सुरेश शर्मा मालपुरा, डॉ. अनिल शर्मा, ओम प्रकाश राजोरा दूनी, कुलदीप शर्मा, योगेन्द्र भारद्वाज, महावीर प्रसाद पाराशर, गौतम प्रसाद गौतम, भगवानसहाय शर्मा, मदन शर्मा, महेश शर्मा, राजेश भट्ट निवाई, राजेंद्र पारीक, कृष्ण गोपाल पाराशर राजमहल, प्रमुख महामंत्री ब्रजराज स्नेही, महामंत्री विष्णुदत्त खांडल, बुद्धिप्रकाश शर्मा नगरफोर्ट, गिरिराज प्रसाद शर्मा, भुवनेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा जोला, प्रकाश पाठक, कोषाध्यक्ष राजाराम शर्मा, मुख्य समन्वयक राजाराम शास्त्री, संगठन सचिव चन्द्रशेखर पारीक, चन्द्र प्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा निवाई, अंकुर जोशी, सत्येन्द्र शर्मा डिग्गी, महावीर पालीवाल अलीगढ़, प्रचार मंत्री गोविन्द नारायण पुरोहित, कार्यालय मंत्री ओम प्रकाश शर्मा शिवाड़, सचिव विशाल शर्मा, नवीन त्रिपाठी, कीर्ति प्रसाद गौतम, प्रेमनारायण शर्मा, मुरली मनोहर गौतम, राजेश शर्मा, कैलाश शर्मा, रामबाबू शर्मा भरनी, दीनदयाल शर्मा, सोमेश भारद्वाज, रविन्द्र शर्मा नगरफोर्ट, संयुक्त सचिव हनुमान गौतम, मनीष शर्मा, सनातन बोहरा, संजीव तिवारी, वैभव शर्मा, राकेश शर्मा, पवन शर्मा पीपलू, हिमांशु शर्मा, रमेश चन्द शर्मा एवं ओम प्रकाश पारीक को बनाया गया है।

## सन्त निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत पूरे भारत में जल स्त्रोतों की गई गहन साफ़-सफाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(का.स.)।** जल संरक्षण की दिशा में सन्त निरंकारी मिशन का सशक्त कदम प्रोजेक्ट अमृत के अन्तर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का रविवार, 22 फरवरी प्रातः 8 बजे भव्य शुभारंभ पूरे भारत मे किया गया। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार पूरे भारत में लगभग 1500 से ज्यादा स्थानों पर जल स्त्रोतों की साफ-सफ़ाई का आयोजन किया गया। जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोककल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु इस श्रृंखला में टोंक चतुर्भुज तालाब पर लगभग 300 निरंकारी सेवादारों द्वारा गहन सफाई की गई। प्रातः 7.30 बजे निरंकारी सत्संग भवन पांच बत्ती से सेवादारों द्वारा निकाली गई बाइक रेली 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' का संदेश देते हुए चर्तुभूज तालाब परिसर पहुंची। सफाई स्थल पर सेवादल प्रार्थना के बाद 8 बजे से 11 बजे तक चर्तुभूज तालाब परिसर की सन्त निरंकारी मिशन के सेवादल और साध संगत के सदस्यो द्वारा गहन सफाई की गई। निरंकारी सेवादल संचालक नवल किशोर द्वारा सेवादारों की अलग-अलग टीमें बनाई गई जिनके द्वारा तालाब के बाहर परिसर के सूखे कचरे को साफ़ किया गया, तालाब के किनारों पर जमे हुए कीचड़ और गंदगी को साफ़ किया गया।

## मन की बात के 131 वे एपिसोड को टोंक विधानसभा के बूथ संख्या 113 पर उत्कृष्ट एवं खिलाड़ी छात्राओं के साथ सुना

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** मन की बात के 131 वे एपिसोड को टोंक विधानसभा के बूथ संख्या 113 पर उत्कृष्ट एवं खिलाड़ी छात्राओं के साथ सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देशवासियों से संवाद कर समाज के सकारात्मक प्रयासों, नवाचारों व जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को साझा किया। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपका मूल्यांकन सिर्फ मार्कशीट से तय नहीं होता, परीक्षा में परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आपने इस महीने की शुरुआत में ''परीक्षा पे चर्चा'' देखी होगी तथा उससे कुछ सीखा होगा। आप परीक्षा योद्धा हैं। मुझे यकीन है कि आप सभी पूरे मन से अपनी परीक्षा की तैयारी कर रहे होंगे। पीएम मोदी ने कहा, हां, ऐसे समय में मन में थोड़ी शंका आना भी स्वाभाविक है। कभी लगता हैए सब याद रहेगा या नहीं रहेगा। कभी लगता हैए समय कम तो नहीं पड़ जाएगा ना! ये भाव हर पीढ़ी के बच्चों ने महसूस किए हैं, आप अकेले नहीं हैं। याद रखिए, आपका मूल्य आपकी मार्कशीट से तय नहीं होता। इसलिए खुद पर भरोसा रखिए, जो पढ़ा है, उसे पूरे मन से लिखिए तथा जो नहीं आया, उस एक सवाल को अपने मन पर हावी मत होने दीजिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने माता-पिता एवं शिक्षकों से बात करते रहिए, वे आपके नंबरों से नही, आपके प्रयास से आपकी पहचान करते हैं, वे आपकी मेहनत से खुश रहते हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि आप परीक्षा में भी सफल होंगे तथा अपने जीवन में भी सफलता की नई ऊंचाई प्राप्त करेंगे। इसलिए बिना परेशान हुए परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, राजेश शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, पंकज पहाडिया, रविन्द्र कुमावत सहित अन्य मौजूद रहे।

## पीएम की जनसभा में टोंक जिले में 15 हजार कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे-चौहान

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित जनसभा व आगामी निकाय, पंचायत चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनसभा व चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी जितेंद्र शर्मा व सह-प्रभारी रामानंद गुर्जर का मार्गदर्शन मिला। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम विकसित राजस्थान के संकल्प को नई ऊर्जा देगा एवं राज्य में विकास की गति को और तेज करेगा। उन्होंने कहा कि यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पूरी ऊर्जा के साथ इसकी सफलता में योगदान देने का आग्रह किया। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि आगामी पंचायत व निकाय चुनाव में जमीनी स्तर पर सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज जिस मुकाम पर है, वह कार्यकर्ताओं के समर्पण व परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सभी मिलकर आगामी पंचायत और निकाय चुनाव में विजय सुनिश्चित करें साथ ही 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनसभा में टोंक जिले में 15 हजार कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। जिला प्रभारी जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि आगामी निकाय, पंचायत चुनाव संगठन की परीक्षा है। हम सभी कार्यकर्ताओं को इस परीक्षा में पास होना है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं की भागीदारी आवश्यक हैं। नरेन्द्र मोदी ने गांव, गरीब, किसान के सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए सरकार की योजनाओं व नीतियों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि निकाय, पंचायत चुनाव को लेकर हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की योजनानुसार विजय के संकल्प के साथ कार्य करना होगा। इसके लिए हमें अभी से निकायएपंचायत चुनाव की तैयारियों में बूथ स्तर पर जुटना होगा।

बैठक में निवर्तमान सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सह प्रभारी रामानंद गुर्जर, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, संतकुमार जैन, रामनिवास गुर्जर, दीपक संगत, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, रामचंद्र गुर्जर, राजेश शर्मा, राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू टैंकर, प्रधान काबरा, ममता जाट, जिला मंत्री बीना छामुनिया, तरुण टिक्किवाल, रामकिशन गुर्जर, राधेश्याम चावला, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, मोनिका जैन, प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश मंगल, मोर्चा प्रभारी अंकित जैन, प्रवक्ता रामावतार धाभाई, विजय मालवानी, रत्तीराम पहाडिया, जुली शर्मा, कार्यालय मंत्री शम्भू शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, हेमंत सैनी, आईटी संयोजक लोकेश गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक गणेश सैनी, बलवंत मराठा, पूर्व प्रधान बनवारी जाट, रामअवतार लांगड़ी, मंडल अध्यक्ष नन्दलाल छान, भगवान सैनी, विष्णु चावला, सुरेश काचरिया, धोलू गुर्जर, ममता साहू, अंकित डाबर, विनोद माहुर, पुरुषोत्तम शर्मा, सत्यनारायण चंदेल, शिवराज लांगड़ी, नीलिमा सिंह आमेरा, देवराज गुर्जर एवं सावित्री गौतम आदि मौजूद थे।

## रेलमगरा में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र स्थापित करने की मांग विधानसभा में उठाई

### नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने किसानों के हित में रखी प्रभावी पैरवी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने राजस्थान विधानसभा में मांग संख्या 46 (कृषि विभाग) पर चर्चा के दौरान रेलमगरा क्षेत्र में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र स्थापित करने की मांग प्रमुखता से उठाई ।विधानसभा में अपनी बात रखते हुए श्री मेवाड़ ने कहा कि नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र मुख्यत: कृषक प्रधान क्षेत्र है तथा वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार रेलमगरा क्षेत्र की जनसंख्या लगभग 1,31,800 है, जिनमें अधिकांश लोग कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर हैं। इसके बावजूद पूरे जिले में एक भी कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र स्थापित नहीं है। उन्होंने कहा कि रेलमगरा क्लाइमेट जोन-4 में आता है, जहां पर्याप्त वर्षा, उपजाऊ भूमि एवं सिंचाई की संभावनाएं उपलब्ध हैं। यदि सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए तो लगभग 25 गांवों सहित पूरे क्षेत्र को व्यापक लाभ मिल सकता है। ऐसे भौगोलिक एवं कृषि अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए इस क्षेत्र में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र की स्थापना उपयुक्त एवं आवश्यक है।श्री मेवाड़ ने जिला सिंचाई योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2016 से 2023 तक तकनीकी कृषि अवसंरचना को मजबूत करना, जल संरक्षण एवं कृषि उत्पादकता बढ़ाना प्रमुख उद्देश्य रहा है तथा वर्ष 2026 तक अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार का लक्ष्य निर्धारित है। ऐसे में रेलमगरा में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र की स्थापना इन उद्देश्यों को और गति प्रदान करेगी ।उन्होंने यह भी कहा कि नाथद्वारा क्षेत्र में पानी की उपलब्धता होने के बावजूद उसका समुचित वितरण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। सरकार को नहरों एवं सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए किसानों को वास्तविक लाभ पहुंचाना चाहिए। विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि रेलमगरा क्षेत्र का एक हिस्सा खनन प्रभावित भी है, जिससे पर्यावरण एवं स्थानीय कृषकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र की स्थापना से किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर बीज, पोषक चारा एवं आधुनिक पशुपालन पद्धतियों का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अंत में उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि रेलमगरा में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की जाए तथा क्षेत्र में लंबित नहर एवं सिंचाई कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि कृषक वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

## एक मुस्कान की वापसी: पीडियाट्रिक डेंटल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में एक मील का पत्थर

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( रंजन दवे )।** डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज में टीएमजे एंकिलोसिस से पीड़ित एक 5 वर्षीय बच्ची की सर्जरी में सफलता हासिल हुई। 3 महीने की उम्र से ही अपना मुँह खोलने या ठोस भोजन खाने में असमर्थ इस बच्ची को गैप आर्थ्रोप्लास्टी के साथ ऑस्टियो-आर्थ्रेक्टोमी के बाद 42एमएम मुँह खुलने की क्षमता के साथ डिस्चार्ज किया गया। लगभग पाँच वर्षों में पहली बार ठोस भोजन खाते हुए देखना ही सबसे बड़ा इनाम है। उसे आज 'माँ' योजना के तहत अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जो उसके परिवार के लिए बिल्कुल मुफ्त था और उनका एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ।

## शादी से ठीक पहले दो सगी बहनों की मौत का मामला, बरात आने से पहले दोनों ने खाया जहरीला पदार्थ, दे दी जान

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( रंजन दवे )।** जोधपुर में शादी से पहले दो सगी बहनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। दोनों बहनों की शादी पहले जालोर के भीनमाल होने वाली थी जिसे परिवार वालों ने तोड़कर पोकरण कर दी थी। घर में खुशी का माहौल था इस बीच बंदोरी भी निकाली लेकिन बारात आने के कुछ घंटे पहले दोनों बहनों ने कमरे में नशीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मृतका के मामा जसवंत सिंह ने अपने जीजा के परिवार और मृतका के चाचा के दबाव में दोनों बहनों के आत्महत्या किए जाने की बात कही है। वही पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में दोनों बहनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी वही परिवार के लोगों से पूछताछ और आगे का अनुसंधान जारी है। जानकारी अनुसार जोधपुर के मणाई गांव के निवासी दीपसिंह के यहां शुक्रवार देर रात घर में उनकी दो पुत्रियों शोभा और विमला की बिंदोरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था । दोनों की शनिवार को शादी होने वाली थी और बारात आने वाली थी, उससे पहले दोनों बहनों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के वापस जोधपुर लेकर आई। पुलिस के अनुसार दोनों बालिकाओं की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जोधपुर के एक निजी अस्पताल ले गए , जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वह दोनों को वापस गांव लेकर आ गए थे। इसकी जानकारी बालिका के मामा की ओर से दिए जाने पर पुलिस उनके गांव पहुंची और शवों को वापस लेकर जोधपुर महात्मा गांधी अस्पताल पहुंची जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद रविवार को दोनों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ है। प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या करने से जुड़े मामले का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारणों का स्पष्ट खुलासा होगा। मामा जसवंत सिंह के अनुसार दोनों भांजियों की शादी पहले भीनमाल में तय थी, वह तोड़कर पोकरण के जेमला गांव कर दी गई थी। चार दिन पहले विवाह का कार्ड देने के लिए बहन और जीजा घर आए थे। जसवंत सिंह ने आरोप लगाया कि दीप सिंह के छोटे भाई की वजह से दोनों ने अपनी जान दी है ।

# मनरेगा और ट्रेड डील में बदलाव ने तोड़ी मजदूर किसान की रीढ़:गुर्जर

### देवता और राजा प्रजा को देता है छीनता नहीं,बाबा साहेब ने दिया और मोदी ने छीन लिया

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर आए कोटपूतली बहरोड़ कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ने आस्था के देवता महाराज कालश देव महाराज के आश्रम में पहुँचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में अमन चैन भाईचारे की दुआ मांगी। बाबा कालश देव महाराज के आश्रम में उनके साथ राजस्थान सरकार में पूर्व केबिनेट मंत्री रही शकुंतला रावत ने भी शिरकत की। इस मौके पर बोलते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राजसिंह गुर्जर ने कहा कि देवता और राजा देते हैं लेते कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि भारत के दुर्भाग्य देखिए कि राजा द्वारा अमेरिका से ट्रेड डील कर किसान मजदूर की कमर तोड़ दी है। आज आपको कुछ नहीं दिखाई दे रहा लेकिन ज़ब दिखाई देगा तो आपके पास कुछ नहीं बचेगा।गुर्जर बाबा कालश देव के दरबार में अपनी प्रार्थना लगाने पहुँचे तो उन्होंने बाबा से प्रार्थना की है कि देश,प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के लिए आपसे दया की भीख मांग रहा हूँ कि देश के प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए सार्थक और अच्छी नीतियाँ बने!गुर्जर के आगमन पर वार्षिक भण्डारे में उपस्थित सभी महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने उनके आगमन पर अपने स्थान से उठकर अभिवादन किया।तो गुर्जर ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी उन्होंने भी झुककर सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना आमजन को रोजगार की गारंटी देती थी तो जीरामजी योजना ने गारंटी समाप्त कर दी है। मनरेगा ने शहर की ओर पलायन रोका था तो जीरामजी अब पलायन की शुरुआत करेगी। इसलिए आप सबको कांग्रेस प्रत्याशियों के हाथ मजबूत करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से न जाने किस दबाव में ट्रेड डील की है जिससे किसानों की हालत ख़राब होने वाली है। कांग्रेस पार्टी और पार्टी के कद्दावर नेता चिंतित हैं कि भारत को आजाद कराने वाली पार्टी का यदि देशवासियों ने साथ नहीं दिया तो भारत के नागरिकों के हालात ख़राब हो सकते हैं। वहीं इस मौके पर बोलते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने जिलाध्यक्ष इंद्राजसिंह गुर्जर का समर्थन करते हुए कहा कि हमें देशहित और किसान मजदूर हित में जाग जाना चाहिए!यदि जागे नहीं तो बुजर्गो वाली हालत आने वाली पीढ़ियों की होने वाली है। वहीं बानसूर नगर पालिका क्षेत्र के हरसौरा मार्ग पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर व पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने देव आई अस्पताल का फीता काटकर उदघाटन किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेत्र ज्योति के बिना संसार में कुछ भी नहीं है। जो देव आई अस्पताल के निदेशक ने अस्पताल खोलकर जो पुनीत कार्य किया है उसके लिए मैं साधुवाद देता हूँ।इस मौके पर पूर्व मंत्री शकुंतला रावत,एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश चौधरी,युवा कांग्रेस नेता एवं प्रदेश सचिव राजेश बागड़ी,प्रदीप कसाना,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रदीप यादव,रामस्वरूप मुक्कड,डॉ. महिपाल चन्देला भी साथ रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर बाबा कालश देव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## बाड़मेर पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर/बाड़मेर ( रंजन दवे )।** जोधपुर रेंज आईजी राजेश मीना द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बाड़मेर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरहदी क्षेत्र में संचालित अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 3 किलो से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद किया है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपए है। पुलिस को मुखबिर के जरिए पुख्ता सूचना मिली थी कि सेड़वा थाना क्षेत्र के सिहार गांव स्थित एक सुनसान ढाणी में अवैध रूप से एमडी ड्रग तैयार की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी।घेराबंदी के दौरान ढाणी के बाहर बने एक गुप्त कमरे में नशीला पदार्थ बनाने की पूरी यूनिट संचालित होती पाई गई। पुलिस की इस मुस्तैद कार्यवाही ने नशे के सौदागरों के मंसूबों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।मौके से पुलिस ने तैयार एमडी ड्रग- 3 किलो से अधिक, ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त होने वाला भारी मात्रा में केमिकल,नशीला पदार्थ तैयार करने के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनें व अन्य संसाधन बरामद किए है।पुलिस ने मौके से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

रेंज आईजी राजेश मीना ने कहा कि इस अवैध कारोबार में लिप्त पूरे नेटवर्क की बारीकी से जांच की जा रही है। इस काले धंधे के पीछे जो भी मास्टरमाइंड या अपराधी संलिप्त हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जोधपुर रेंज पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## देवरी माताजी मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** केलवा क्षेत्र के बामन टुकड़ा गांव मे देवरी माताजी मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धर्म लाभ लिया।पहले दिन प्रातः सर्व देव पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात माताजी पूजन, अभिषेक एवं नवचंडी पाठ का आयोजन किया गया। शाम को सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या में भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और मंदिर परिसर जय माताजी के जयकारों से गूंज उठा।दूसरे दिन सुबह हवन का आयोजन हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं। दोपहर में पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। शाम 4 बजे से महाप्रसादी का आयोजन रखा गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम देवरी माताजी के आशीर्वाद से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। व्यवस्थाओं में समिति सदस्यों व ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में उत्साह और आस्था का विशेष वातावरण देखने को मिला।

### सबसे पहले राष्ट्र सर्वोपरि,बालकों को शिक्षा के संस्कारवार बनावें:आचार्य

## नगर पालिका क्षेत्र में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महावीर प्रसाद बालासिया ने की।वहीं मुख्यवक्ता विभाग पर्यावरण प्रमुख अलवर के राजेश रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र में फूटा-जोहड़ आश्रम के आचार्य बलरामदास महाराज रहे। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि आचार्य बलरामदास महाराज ने कहा कि हम हिन्दू हैं। हिन्दू का पहला कर्तव्य उसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है बाकी बाद में!उन्होंने कहा कि राष्ट्र यदि है और किसी विदेशी के हाथों में उसकी बागडोर नहीं है तो सही मायने में हम हिन्दू हैं।

आचार्य बलरामदास महाराज ने कहा कि हिन्दू होने का संकेतक भी हमारे में होना चाहिए जिससे यह लगे कि हम हिन्दू हैं। उन्होंने कहा कि सभी हिन्दू लोग अपने माथे पर कुमकुम का तिलक करें और हनुमान चालीसा का पाठ करें, तभी हम अपने बच्चों को संस्कारवान और शिक्षावान बना पाएंगे। इस मौके पर मुख्य वक्ता राजेश ने भी पर्यावरण सहित अनेक हिन्दू रीति रीवाजों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी



ठेकेदार निरंजनलाल सैनी,आईटी सैल के पूर्व जिला प्रमुख विजय कुमावत, पूर्व पार्षद मनीष जोशी,राजेश सिंघल,एडवोकेट राघवेंद्र शर्मा,भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, विकास जोशी, दीपक शास्त्री,हेमलता सिसोदिया, मंजू शर्मा, रामनिवास यादव,सुभाष स्वामी, अशोक सैनी, संदीप अग्रवाल,मनोज सिंघल,नितेश गोयल,कृष्ण स्वामी, रमाकांत स्वामी,अनील सिंघल सहित अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## वृंदावन पार्क शान्ति कुंज को हरा भरा और साफ सुथरा बनाने के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शांतिकुंज कॉलोनी निवासियों ने वृंदावन पार्क में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पार्क को हरा भरा और साफ सुथरा बनाने के लिए काम किया गया। संयोजक हरीश जसोरिया ने बताया कि पार्क 1 साल पहले बहुत जर्जर अवस्था में था, लेकिन सभी के सहयोग से पार्क 1 साल में ही हरा भरा हो गया है। पार्क में 6 माह के अंतर्गत 150 से अधिक पेड़ पौधे लगाए गए हैं, जिससे पार्क की सुंदरता और स्वच्छता में वृद्धि हुई है। हरीश जसोरिया ने बताया कि सरकार हमें अच्छी जिंदगी जीने के लिए कॉलोनी में पार्क डेवलप करती है, लेकिन हम लोगों की नैतिक जिम्मेदारी भी होती है कि सारा काम सरकार पर ना छोड़कर कॉलोनी में बने हुए पार्क को मेंटेन सभी कॉलोनी वाले मिलकर करें।

**श्रमदान कार्यक्रम में उपस्थित रहे**

पार्क में श्रमदान हेतु हरीश जसोरिया, विजय वीर यादव, सुनील रस्तोगी, के आर जाटव, एस आर सोनी, वीरेंद्र यादव, कुणाल गुप्ता, श्रेयांश भूटोरिया, विशाल जैन, चंद्रमौली मिश्रा, जयदीप यादव, गौरव जैन, रघु जैन, दर्श ,श्रमदान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## यादव समाज कुरुतियाँ अपनाने को तैयार नहीं, इससे पूर्व समाज ने पहल ही नहीं की:यादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण यादव समाज छात्रावास में यादव/अहीर जाति में व्याप्त कुरुतियों को लेकर महापंचायत हुई। इस महापंचायत में कुल 11सामाजिक कुरुतियों पर चर्चा हुई। जिन्हें समाज के उपस्थित लोगों ने इन्हे अपने और परिवार के दैनिक जीवन में याद रखने और स्वीकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व अधिकारी और पूर्व सांसद श्यामसिंह यादव रहे!तो मुख्यवक्ता साध्वी महामण्डलेश्वर पुष्पा शास्त्री,एमसीडी के कमिश्नर कुलदीपसिंह यादव,प्रदेशाध्यक्ष रिवाड़ी की वीर रेजाँगला रजिमेंट गठन की सुदेश यादव, अरुण भारती महाराज,योगेन्द्र जी महाराज सहित आचार्य बलरामदास महाराज के आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस



मौके पर बोलते हुए मुख्य वक्ता साध्वी महामण्डलेश्वर पुष्पा शास्त्री ने कहा कि मैंने यदुकुल में जन्म लिया है इसलिए मैं सभी कार्यक्रम निरस्त कर आपके बीच पहुँची हूँ। उसका कारण है यादव अहीर जाति का रक्त। यदि रक्त ही नहीं होगा तो शरीर जीवित ही नहीं रह सकता।

हम सबको देश और राष्ट्र हित में कार्य करना है साथ ही सामाजिक कुरुतियों के साथ दूर्वयसान सहित नशे की प्रवृतियों को त्यागना होगा और शिक्षा पर जोर देना होगा। वहीं मुख्य अतिथि श्यामसिंह यादव ने कहा कि दुरव्यसन और नशा सहित सामाजिक कुरुतियाँ समाज पर कलंक हैं। उधर यादव महासभा के राजस्थान प्रदेश के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष और भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने स्थानीय यादव महासभा और यादव अहीर समाज का आभार जताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोग यहाँ एकत्रित हुए और सामाजिक क्रांति का अलख जगा दिया।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की जोधपुर संभागस्तरीय बैठक का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( रंजन दवे )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्दा से प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश के निर्देशानुसार जोधपुर संभाग अनुसूचित जाति विभाग की बैठक का आयोजन सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति भवन न्यास मोहनपुरा पुलिया के पास आयोजित किया जा रहा है इस बैठक में जोधपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले जोधपुर शहर जोधपुर देहात जैसलमेर, बाड़मेर, पाली, सिरोही, जालोर, बलोतरा, फलौदी सम्मिलित है जिले के अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। * अनुसूचित जाति विभाग के प्रवक्ता शंकर नवल ने बताया कि इस बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्षा ममता भूपेश ( पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार ) और राष्ट्रीय समन्वयक प्रभारी राजस्थान राजेश शेरसिया शिरकत कर सभा को संबोधित करेंगे 7 राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में संभाग स्तर पर बैठकर आयोजित की जा रही है इसी कड़ी में जोधपुर संभाग की बैठक का आयोजन रखा गया है इस बैठक में संभाग के अनुसूचित जाति वर्ग की तमाम जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भाग लेंगे

## वन राज्यमंत्री ने साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश, आमजन से अलवर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने में सहयोग करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा का रविवार को बजट घोषणा में राजकीय सामान्य चिकित्सालय में बैड संख्या बढ़ाकर 750 करने की घोषणा पर सामान्य चिकित्सालय के कार्मिकों ने अभिनन्दन कर आभार जताया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए अब तक के तीनों बजटों में अलवर शहर एवं अलवर जिले को विकास की अनेकों सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और इनफॉर्म की थीम पर प्रदेश के हर वर्ग किसान, युवा एवं महिला की उन्नति और प्रदेश के विकास के लिए समर्पित बजट है, जिसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल आपूर्ति, महिला सुरक्षा और किसानों की आमदनी को बढाने के लिए काम किया गया है।



# ‘आध्यात्मिक, पर्यावरण और सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र बनेगा कोटा’

## मथुराधीश मंदिर कॉरिडोर का प्रथम चरण प्रारंभ, 18.24 करोड़ की आएगी लागत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कोटा के पाटनपोल स्थित वल्लभ सम्प्रदाय की प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश जी मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण एवं अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कोटा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हैरिटेज वॉक में भी भाग लिया।




बिरला ने कहा कि श्री मथुराधीश जी मंदिर केवल श्रद्धा का केंद्र नहीं, बल्कि हाड़ौती की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मंदिर के परिक्रमा मार्ग एवं अन्य विकास कार्यों की शुरुआत ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि मंदिर की प्राचीन गरिमा को सुरक्षित रखते हुए समय की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएँ विकसित की जाएँगी, ताकि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिल सके। पाटनपोल में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में बिरला ने कहा कि मथुराधीश मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण के अंतर्गत केडीए द्वारा 18.24 करोड़ रुपये की लागत से श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे। इसके पश्चात बिरला के नेतृत्व में गणमान्यजन हैरिटेज वॉक में शामिल हुए। हैरिटेज वॉक श्री मथुराधीश जी मंदिर से पाटनपोल होते हुए गढ़ पैलेस पहुँची, जहाँ साफा फेस्ट के अंतर्गत अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया।

### कैथूनीपोल से सेंट पॉल स्कूल तक लिंक सडक़

हैरिटेज वॉक के दौरान कैथूनीपोल थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ने 9.82 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली कैथूनीपोल चौराहे से सेंट पॉल स्कूल तक लिंक सडक़ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद हैरिटेज वॉक श्रीपुरा, सब्जी मंडी और अग्रसेन बाजार होते हुए रामपुरा बाजार पहुँची, जहाँ पीपल चौक पर इसका समापन हुआ। इस दौरान उन्होंने 2.5 करोड़ रुपए की लागत से महात्मा गांधी विद्यालय, महारानी विद्यालय रामपुरा, घंटाघर और लक्खी बुर्ज पर फसाड लाइट इंस्टॉलेशन कार्य का भी शिलान्यास किया। बिरला ने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या, उज्जैन, सोमनाथ और खाटू श्यामजी जैसे प्रमुख धामों का विकास हुआ है, उसी भावना से श्री मथुराधीश जी मंदिर को भी आध्यात्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि श्री मथुराधीश मंदिर कॉरिडोर यहाँ के लोगों की वर्षों पुरानी मांग रही है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से आज यह मूर्त रूप ले रहा है। कॉरिडोर का निर्माण कोटा की आस्था और विरासत को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हाड़ौती की सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ करेगी। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ आसपास के क्षेत्र का सुनियोजित विकास स्थानीय व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## रामगंजमंडी के 14 गांवों में ‘गांव ग्वाल योजना’ शुरू, मंत्री मदन दिलावर ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** रामगंजमंडी क्षेत्र की चेचट तहसील के खेड़ली गांव में ‘गांव ग्वाल योजना’ का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने 14 नवनियुक्त गांव ग्वालों का मंच पर सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी रामदयाल महाराज ने गौ संरक्षण को संकल्प से जोड़ते हुए कहा कि गौमाता की सेवा नियमित रूप से होनी चाहिए। उन्होंने पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की और कहा कि प्रतिदिन गौसेवा का भाव समाज में विकसित होना चाहिए। मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि योजना के तहत 70 गायों पर एक गांव ग्वाल नियुक्त किया जाएगा। संख्या बढने पर अतिरिक्त ग्वाल लगाए जाएंगे। प्रत्येक ग्वाल को 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा, जिसका संचालन भामाशाहों के सहयोग से होगा। कार्यक्रम की शुरुआत गौ पूजन से हुई। समारोह में विभिन्न संत-महात्माओं का सानिध्य रहा तथा कर्नेश्वर वेद विद्यालय, कनवास के बटुकों ने वेद मंत्रों का पाठ किया।

## रावतभाटा में भाट समाज की एकजुटता का संदेश: शपथग्रहण समारोह में नव कार्यकारिणी ने संभाली कमान

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा में राणा प्रताप सागर बांध के स्टेप गार्डन स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को भाट समाज



सेवा समिति का शपथग्रहण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोधपुर से पधारे सूबेदार मदनलाल रहे। समिति सदस्यों ने उनका फूलमाला व साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

समिति संरक्षक धर्मप्रकाश भाट ने अपने संबोधन में समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि शीघ्र ही स्थानीय विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ से मिलकर समाज के लिए जमीन एवं भवन आवंटन की मांग को लेकर प्रार्थनापत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने रावतभाटा में समाज का भव्य सम्मेलन आयोजित कराने की भी इच्छा व्यक्त की। समाजजनों ने संरक्षक धर्मप्रकाश के पूर्व में किए गए कार्यों और वर्तमान में संचालित सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज की एकता और प्रगति के लिए समर्पित युवा नेतृत्व बताया। समारोह के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर प्रेमाराम, उपाध्यक्ष मेघाराम, महासचिव देवीलाल, उप महासचिव मोहनलाल, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, उप कोषाध्यक्ष विजय कुमार, खेल मंत्री दिनेश कुमार के साथ परमेश्वर, शुभम, जगदीश और मि ूलाल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## छोटी काशी में भक्ति का उल्लास: चारभुजा नाथ मंदिर में ठाकुरजी संग ‘फूलों की होली’ खेल रहे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर में फाल्गुन का रंग जमने लगा है। तिलक चौक स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर में इन दिनों



अद्‌त नजारा देखने को मिल रहा है। यहां प्रतिदिन भोर होते ही भक्तजन ठाकुरजी के साथ मनमोहक फूलों की होली खेल रहे हैं। सुबह मंगला आरती के समय पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के जयकारों, ढोल-मंजीरों की थाप और फाग के भजनों से गुंजायमान हो रहा है। श्री चारभुजा विकास समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग ने बताया कि मंदिर में यह परंपरा वर्षों से पूरे श्रद्धाभाव के साथ निभाई जा रही है। रोजाना सुबह 6 बजे पंडित गणेश शर्मा द्वारा ठाकुरजी की विशेष मंगला आरती की जाती है। आरती के पश्चात श्रद्धालु भाव-विभोर होकर ठाकुरजी पर सुगंधित पुष्पों की वर्षा करते हैं और भजनों पर जमकर नृत्य कर होली महोत्सव का आनंद लेते हैं। इस दौरान प्रतिदिन ठाकुरजी को पंचमेवा का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। समिति पदाधिकारियों के अनुसार, श्रद्धालुओं के विशेष सहयोग से 24 फरवरी मंगलवार को होलाष्टक के पावन अवसर के साथ ही होली के रंग और भी गहरे हो जाएंगे। इस दिन से सुबह 6 बजे मंगला आरती के समय ठाकुरजी के साथ फूलों के बजाय विभिन्न रंगों और गुलाल से होली खेलने का विधिवत शुभारंभ होगा। इस दौरान विशेष प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। दिव्य होली महोत्सव को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है। समाजसेवी विनोद न्याति एवं नौरतमल अग्रवाल ने छोटी काशी की धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सुबह मंगला आरती में पधारकर ठाकुरजी के दर्शनों का लाभ लें और इस अलौकिक फाग महोत्सव का आनंद उठाएं।

## चंबल पर 40.53 करोड़ की हाईलेवल पुलिया का भूमि पूजन, सात साल बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** राजस्थान और मध्य प्रदेश को जोडने वाली चंबल नदी पर धतुरिया क्षेत्र में पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को किया गया। 40.53 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना पिछले सात वर्षों से लंबित थी।मध्यप्रदेश सेतु निगम मंदसौर के एसडीओ प्रवीण नरवरे ने बताया कि वर्ष 2019 में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से यह पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके पुनर्निर्माण के लिए पांच बार टेंडर जारी किए गए, लेकिन किसी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई।छठी बार इंदौर की कल्याण कंस्ट्रक्शन कंपनी ने टेंडर हासिल किया, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।यह हाईलेवल पुलिया 40 करोड़ 53 लाख 80 हजार रुपये की लागत से बनेगी। इसकी लंबाई 330 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर होगी। यह पुलिया संशोधित डिजाइन के अनुसार पूर्व प्रस्तावित डिजाइन से 15 फीट अधिक ऊंची बनाई जाएगी।

## रामगंजमंडी चेचट में भीषण हादसा: एक्सप्रेसवे पर कार ट्रक में घुसी, 4 युवकों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** चेचट थाना क्षेत्र में दिल्ली -मुम्बई हाईवे पर रविवार दोपहर करीब 3.45 बजे एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। तेज रफ्तार ब्रेजा कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवक बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकालकर चेचट अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। बाद में शवों को मोडक़ स्थित मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे में प्रांजुल चतुर्वेदी (26), श्रेष्ठ बाजपेई (22), अंकुश दुबे और हरीश प्रताप सिंह (30)



निवासी कानपुर (उत्तर प्रदेश) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सभी युवक महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन से दर्शन कर उत्तर प्रदेश लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज में कार तेज रफ्तार में लहराती हुई नजर आई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसा। हादसे के बाद ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## रामगंजमंडी में डॉ. जी.एस. विश्नार की द्वितीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वाल्मीकि महासभा के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय डॉ . जी . एस . विश्नार की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को रामगंजमंडी स्थित सामुदायिक भवन, सब्जीमंडी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभा की शुरुआत डॉ. विश्नार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाजोत्थान, संगठन निर्माण और सामाजिक चेतना



जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई और समाज में आत्मसम्मान की भावना को सुदृढ़ किया। जिलाध्यक्ष रजत नरवाला ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. विश्नार का संपूर्ण जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा। उनके विचार, सिद्धांत और संघर्ष आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों पर चलने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन नवीन घाटोड ने किया। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ. विश्नार के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## माली-सैनी समाज 25 को करेगा विधानसभा का घेराव, आंदोलन को लेकर नैनवा में हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ (टी.आर सैनी)।** आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर माली-सैनी समाज 25 फरवरी को जयपुर विधानसभा का घेराव करेंगे । आंदोलन के रूपरेखा लेकर शनिवार रात्रि को कंकाली माता मंदिर परिसर में माली सैनी समाज की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता आरक्षण संघर्ष समिति हिंडोली विधानसभा अध्यक्ष मोनू सैनी ने की। मोनू सैनी ने बताया कि समाज की प्रमुख मांगों के साथ समाज को अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना,महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड का देवनारायण बोर्ड की तर्ज पर पूर्ण वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार दिया जाना व बोर्ड में पदाधिकारियों की शीघ्र नियुक्तिया जारी करना । इसके अलावा संत लिखमीदास महाराज की जन्मस्थली नागौर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने, पूर्व आंदोलन के दौरान युवाओं पर दर्ज प्रकरणों को वापस लिया जाने की मांग भी की जायेगी । इसके अलावा बागवानी विकास बोर्ड के गठन, फुले दंपति को भारत रत्न से सम्मानित करने तथा भारतीय सेना में सैनी रेजिमेंट गठित करने सहित कुल 11 मांगें शामिल हैं। बैठक में समाज के महावीर सैनी, लक्ष्मण सैनी, बद्रीलाल सैनी, लोकेश सैनी, घनश्याम सैनी, रामसागर सैनी, भंवरलाल सैनी सहित अन्य लोग जौजूद रहे ।

## मंशापूर्ण गणेश को निमंत्रण व फोल्डर विमोचन के साथ गौतम जयंती का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** महर्षि गौतम जयंती 2026 के तहत रविवार सुबह गुर्जर गौड ब्रहाम्ण समाज ने बालचंद पाडा स्थित विघ्नहरर्ता मंशापूर्ण गणेश को निमंत्रण सौपकर निर्विघ्न गौतम जयंती के सफल आयोजन की कामना कर जयंती महोत्सव के फोल्डर का विमोचन किया।



अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गौतम समाज बंधु रविवार सुबह मंशापूर्ण गणेश मंदिर परिसर मे एकत्रित हुये। इसके बाद जयंती पदाधिकारियो व समाज बंधुओ ने मंशापूर्ण गणेश की विधीविधान से पूजा अर्चना कर आरती उतारी और प्रथम निमंत्रण मंशापूर्ण गणेश के चरणो मे समर्पित कर आर्शीवाद मांगा। इसके बाद महर्षि गौतम जंयती 2026 के बहुंरगी फोल्डर का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही महर्षि गौतम जयंती 2026 के कार्यक्रमो व जनसपंर्क अभियान का आगाज हो गया है। अब समाज बंधु गौतम समाज के घर घर जाकर निमंत्रण पत्रिका का वितरण का जयंती कार्यक्रमो मे शामिल होकर सफल बनाने का अनुरोध करेगे। जयंती संयोजक भेरूप्रकाश गौतम व जयंती प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि 1 मार्च को गौ माता को चारा, मरीजो को फल वितरण के साथ जयंती के कार्यक्रम शुरू हो जायेगे। वही 8 मार्च को दौड, कैरम शतरंज, महिला प्रतियोगिता होगी। 10 मार्च को संगीतमय सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीस का पाठ होगा। 15 मार्च को नवलसागर पार्क मे क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 16 मार्च को रूद्राभिषेक व दीपदान होगा। 17 मार्च को गौतम छात्रावास मे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार 19 मार्च को प्रात हवन होगा इसके बाद शहर मे विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसका समापन गौतम छात्रावास मे होगा। जहां पुरूस्कार वितरण समारोह के साथ महाआरती व प्रसादी होगी। इस दौरान गुर्जर गौड ब्रहाम्ण समाज जिलाध्यक्ष मनीष गौतम, नगर अध्यक्ष नवल किशोर गौतम, जयंती संयोजक भेरूप्रकाश गौतम, कोषाध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, पार्षद व महिला जयंती प्रभारी ममता शर्मा, भावना गौतम, वंशिका शर्मा, किष्किन्धा शर्मा, नीलीमा शर्मा, मनोज गौतम, राजीव गौतम, संजय शर्मा, नरेश गौतम, मुकेश भारद्वाज, लेखराज शर्मा, रविन्द्र कुमार शर्मा, हेमन्त गौतम, मुरली शर्मा, अजय कुमार शर्मा, अमन पंचोली, अमित शर्मा, रामरतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गौतम आश्रम, रावतभाटा में आम सभा सम्पन्न,महर्षि गौतम जयंती 18-19 मार्च को धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** गौतम समाज की आम सभा गौतम आश्रम, रावतभाटा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष डॉ. ललित कुमार शर्मा ने की। बैठक में उपस्थित समाज बंधुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं द्वारा सर्वसम्मति से आगामी श्री महर्षि गौतम जयंती को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रमानुसार 18 मार्च को कथावाचक रवि गौतम कंधापल सांगोद द्वारा भजन संध्या तथा 19 मार्च को गौतम जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा।



बैठक में जयंती को भव्य बनाने हेतु सभी आगंतुकों से सुझाव लिए गए। सुझावों में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कलश यात्रा, भजन संध्या, वरिष्ठजनों का सम्मान, हवन-पूजन, बच्चों एवं महिलाओं के प्रतियोगी कार्यक्रम, परितोषिक वितरण, बोली एवं भोजन प्रसादी आयोजित करने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके साथ ही आश्रम में भवन निर्माण कार्य तथा परिसर में महर्षि गौतम मंदिर निर्माण का सुझाव भी पारित किया गया। कार्यवाहक कोषाध्यक्ष महेश शर्मा ने जयंती आयोजन हेतु 11,000 की राशि देने की घोषणा की। जयंती से पूर्व नवयुग मंडल, महिला मंडल एवं कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक कर कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक के अंत में आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष डॉ. ललित कुमार शर्मा ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा आगामी वर्ष में समाज सेवा व आश्रम विकास के प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज की एकता सर्वोपरि है तथा सभी को कटाक्ष छोडक़र समाजहित में आगे आकर कार्य करना चाहिए। अध्यक्ष शर्मा ने निर्वाचित कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा के इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक कोषाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा को नियुक्त करने का सुझाव रखा जिस पर करताल ध्वनि से सबने सुकृति प्रदान की। बैठक में सत्यनारायण देराश्री, सीताराम शर्मा, लक्ष्मीचंद शर्मा, कैलाश त्रिपाठी, राधेश्याम शर्मा, गणपतलाल शर्मा, डॉ. गोविंद प्रसाद शर्मा, अशोक भट्ट, शिवम कुमार गौतम, विष्णुदत्त शर्मा, राधेश्याम बोहरा, पी.बी. शर्मा, अनिल शर्मा, बाबूराम देराश्री, सत्यनारायण शर्मा, सुनील व्यास, महेश शर्मा, सूर्यप्रकाश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, लोकेश कुमार चौधरी, श्रीमती सीमा व्यास, श्रीमती सुनीता व्यास, शारदा शर्मा, श्रीमती प्रीति शर्मा, राजेश्वरी देराश्री, श्री उमा गौतम, रेखा शर्मा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# भरतपुर के व्यापारी को दिल्ली में दौड़ा-दौड़ाकर मारे चाकू

## बदमाशों ने फैक्ट्री के बाहर किए 20 वार, भाई बोला-कर्मचारी ने हत्या करवाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के व्यापारी की दिल्ली में बदमाशों ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। कारोबारी बचने लिए दौड़ा, लेकिन बदमाशों ने पीछा कर चाकू से करीब 20 वार किए, जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। फुटवियर कारोबारी के भाई का आरोप है कि फैक्ट्री में कहासुनी के बाद एक कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की है। घटना 20 फरवरी की रात करीब 8.30 बजे नरेला इलाके की है।

जिसका वीडियो 22 फरवरी को सामने आया है। जिसमें 15-20 हमलावर कारोबारी रवि चौधरी (20) पर हमला करते नजर आ रहे हैं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बड़े भाई के साथ फैक्ट्री का संचालन करता था भरतपुर में धौर का नगला, थाना उच्चौन निवासी रणवीर चौधरी ने बताया- वह और उनका छोटा भाई रवि चौधरी (27) दिल्ली के नरेला इलाके में फुटवियर फैक्ट्री चलाते थे। सोनू नाम का कर्मचारी फैक्ट्री का संचालन देखता था। रवि रोज फैक्ट्री बंद कर चाबी उसे सौंप देता था, ताकि सुबह समय पर काम शुरू हो सके।

### 19 फरवरी को कर्मचारी से हुआ था विवाद

रणवीर ने बताया-19 फरवरी को फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी राहिल से रवि की कहासुनी हो गई थी। राहिल ठेकेदार सलमान के नीचे काम करता था। विवाद बढ़ने पर रवि ने कर्मचारी राहिल को फैक्ट्री में काम पर आने से मना कर दिया था। इस पर राहिल ने रवि को चेतावनी दी कि उसका ठेकेदार सलमान कुछ भी कर सकता है।

### 20 फरवरी सुबह किया कर्मचारियों का हिसाब

रणवीर ने बताया - 20 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे सलमान का फोन आया कि आज कोई कर्मचारी फैक्ट्री नहीं आएगा और सबका हिसाब कर दिया जाए। रवि ने राहिल के खाते में 12,500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। रवि करीब 11 बजे फैक्ट्री पहुंच गया था।

### 20 से अधिक वार, जान बचाने की कोशिश नाकाम

बड़े भाई ने बताया - रात करीब 8.30 बजे रवि फैक्ट्री बंद कर बाहर निकला ही था कि बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। उस समय मेरा साला विश्वेंद्र और कर्मचारी सोनू भी साथ थे। रवि ने ताला लगाने के बाद चाबी सोनू को दे दी थी। इसके बाद रवि हेलमेट लगाकर बाइक पर बैठ गया। पीछे मेरा साला विश्वेंद्र बैठा था और सोनू सड़क पर खड़ा था।

तभी दौड़ते हुए आए बदमाशों ने रवि पर चाकू से हमला कर दिया। रवि जान बचाने के लिए भागा, लेकिन करीब 10 हमलावर उसके पीछे दौड़ पड़े। थोड़ी दूरी पर उसे पकड़कर आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ करीब 20 वार किए।

हमलावरों के फरार होने के बाद साला विश्वेंद्र मौके पर पहुंचा, जहां रवि गंभीर



रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। विश्वेंद्र ने ही फोन कर घटना की जानकारी दी और रवि को तुरंत एसआरएचसी हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। दिल्ली के नरेला थाने में मामला दर्ज कराया गया। 21 फरवरी को पैतृक गांव धौर का नगला में अंतिम संस्कार किया गया।

# जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आरोग्य महोत्सव आज



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं योग व्यायाम को लोकप्रिय बनाने के साथ साथ जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में संचालित सेवा प्रकल्पों को लोकप्रिय बनाने हेतु आरोग्य महोत्सव का आयोजन 23 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि आमजन को ऋतुओं के अनुकुल खान-पान एवं जीवन शैली निर्धारित किए जाने के तरीकों के साथ साथ सामान्य रोगों से बचाव हेतु रसोई घर के सामान द्वारा सरल घरेलू उपायों की जानकारी देने और चिकित्सालय में संचालित पंचकर्म चिकित्सा सेवा, स्त्री एवं प्रसूति रोगों के उपचार,नाक कान मुंह गले के रोग, शल्य चिकित्सा में शामिल अर्श भगंदर परिकर्तिका योग प्राकृतिक से उपचार किए जाने के साथ साथ अन्य सेवा प्रकल्पों को आमजन में लोकप्रिय बनाए जाने के लिए एक दिवसीय आरोग्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आरोग्य महोत्सव में सभी प्रकार के रोगों का उपचार रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श कर निशुल्क औषधि उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पर रोगानुसार योग प्रदर्शन एवं अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा में आयुर्वेद चिकित्सा की उपयोगिता पर कार्यशाला भी रहेगी। आरोग्य महोत्सव का अधिक से अधिक आमजन को जानकारी एवं लाभ मिल सके उसके लिए आरोग्य महोत्सव के महत्व एवं उपयोगिता के पम्पलेट का विमोचन कर वितरण किए जाने का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह प्रधान चिकित्सक एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित डॉ पिंकी चौहान डॉ श्याम सिंह घुरैया डॉ शैलेश शर्मा डॉ रेनू मीना डॉ राजकुमार झा डॉ कुलदीप शर्मा डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ मनीषा गुर्जर डॉ ज्योति मीना नर्सिंग अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह अंतरंग प्रभारी भगवान सिंह छेदा लाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के अजमेर दौरे को लेकर भाजपा ने की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी को अजमेर दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर भरतपुर एवं धौलपुर जिलों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी बिहारी लाल विश्नोई, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेष सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने की। बैठक की विधिवत शुरुआत से पूर्व मुख्य अतिथियों ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बैठक में बताया कि 28 फरवरी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री अजमेर दौरे पर आ रहे हैं, जो राजस्थान को बहुत बड़ी सौगात देंगे। इसलिए उनके स्वागत की तैयारी जोर शोर से की जाए। अशोक परनामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर में राजस्थान के लिए 27000 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे तथा 21000 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके अतिरिक्त राजस्थान को और अधिक सौगात भी प्रदान करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा की राजस्थान की राजनीति के इतिहास में यह पहला मौका है कि विधानसभा में से विपक्ष भाग गया जब मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार के 2 साल और कांग्रेस सरकार के 5 सालों के कार्यों का विश्लेषण करने के लिए कहा। 5 वर्षों में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से जुड़े कई मामलों को उजागर किया तथा भजनलाल सरकार के दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों का भी बखान किया। राज्य सरकार द्वारा घोषित बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस के अंतिम बजट से भाजपा का यह बजट 41: अधिक है।

# भुसावर के अधिवक्ता इंजी.नरेन्द्र कुमार पांडेय को मिला प्रथम बेरी गौरव अवार्ड



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( संतोष शर्मा )।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद बेरी की 113 वीं जयन्ती महोत्सव के समापन समारोह कार्यक्रम जयपुर स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान उद्यान (सांईस पार्क) शास्त्रीनगर में आयोजित हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथी न्यायमूर्ति एस.एन.भार्गव पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं पूर्व राज्यपाल एवं न्यायमूर्तिएन.के.जैन पूर्व मुख्य न्यायाधीश मद्रास उच्च न्यायालय तथा गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाइन्स जयपुर थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता हुकम चन्द गणेशिया प्रसिद्ध कानूनविद एवं चान्सलर रोमा इन्टरनेशनल ग्लोबल कल्चर यूनिवर्सिटी नई दिल्ली ने की तथा कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथी सुश्री तुहीना प्रकाश शर्मा प्रमुख समाजसेवी एवं ग्लोबल एम्बेसेडर, विशिष्ठ सलाहकार प्रथम उप राष्ट्रपति नेपाल सरकार थी, न्यायमूर्ति भगवती प्रसाद बेरी के इस 113 वीं जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति द्वारा देश भर के 70 अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों का उनकी कर्म स्थली से विकास तक सामाजिक, शैक्षणिक, व्यावसायिक, एवं राष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्यों का अवलोकन कर चयन किया गया । इन चयनित प्रतिभाओ को प्रथम बार जारी 'बेरी गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया गया ।

इस कठिन चयन प्रक्रिया में भुसावर सिविल न्यायालय के अधिवक्ता इंजी.नरेन्द्र कुमार पांडेय का चयन कर उनको इस प्रथम बार जारी किये जा रहे 'बेरी गौरव अवार्ड'से सम्मानित किया गया है । इंजी.नरेन्द्र कुमार पांडेय अधिवक्ता ने प्राप्त किये इस अवार्ड से भुसावर क्षेत्रध्तहसील एवं जिला भरतपुर व राजस्थान राज्य का गौरव बढाया है ।

# जयपुर में ऑनलाइन गेमिंग सट्टेबाजी का खुलासा, 5 गिरफ्तारः यूएई व नेपाल के संचालकों था कॉन्टैक्ट, करोड़ों के साइबर फ्रॉड के मिले सबूत

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने ऑनलाइन गेमिग सट्टा मॉड्यूल का खुलासा कर 5 साइबर क्रिमिनर्ल्स को अरेस्ट किया है। चित्रकुट थाना पुलिस को करोड़ों रुपए के साइबर फ्रॉड के डिजिटल सबूत भी मिले हैं। पुलिस की ओर से विदेशी लिंको की जांच की जा रही है। वहीं, साइबर क्रिमिनर्ल्स का यूएई व नेपाल में बैठे संचालकों से कॉन्टैक्ट मिला है।

डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद ने बताया- मामले में आरोपी अनूप पारीक (22) निवासी परबतसर नागौर, अब्दुल करीम (25) निवासी बड़ी खाटू नागौर, सिद्धार्थ पारीक (22) निवासी सुजानगढ़ चुरू, श्रवण कुमार (25) निवासी डेगाना नागौर और सुनिल कुमार (26) निवासी बड़ी खाटू नागौर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 83 हजार कैश, 11 मोबाइल, 1 लेपटॉप, 1 आईपैड, 9 बैंक पासबुक और 12 एटीएम कार्ड और 3 क्रेडिट कार्ड जब्त किए गए हैं।

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बृजनगर में भगवान श्री देवनारायण की भव्य शोभा यात्रा में की शिरकत

## लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता को बताया राष्ट्र की मूल शक्ति

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को बृजनगर की पावन धरा पर आयोजित भगवान श्री देवनारायण जी की विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस पुनीत अवसर पर क्षेत्र की अपार जनमेदिनी ने पूर्ण श्रद्धा, उल्लास एवं अनुशासन के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आयोजन के दौरान मातृशक्ति की भागीदारी अत्यंत वंदनीय एवं अभूतपूर्व रही। हजारों की संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर इस शोभा यात्रा की दिव्यता और गरिमा को और अधिक विस्तृत कर दिया। कलश यात्रा का यह विहंगम दृश्य न केवल धार्मिक आस्था का स्वर्णिम प्रतीक था, अपितु यह हमारी सुदृढ़ सांस्कृतिक जड़ों और नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी जीवंत प्रमाण था। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि जनमानस का यह विशाल और अनुशासित समूह, भक्ति रस से ओतप्रोत संपूर्ण वातावरण, सजीव झांकियों का मनोहारी प्रदर्शन और चारों



दिशाओं में गूंजते भगवान श्री देवनारायण जी के मंगल भजन हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति और आमजन की अटूट आध्यात्मिक आस्था का एक अद्भुत एवं प्रेरणादायी दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं।

बेढ़म ने इस बात पर विशेष बल दिया कि ऐसे सुव्यवस्थित एवं वृहद आयोजन केवल धार्मिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये समाज में समरसता, पारस्परिक भ्रातृत्व भाव एवं हमारे सांस्कृतिक गौरव को एक नई और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। भगवान श्री देवनारायण जी का लोक-कल्याणकारी जीवन दर्शन, विशेषकर गौ-संरक्षण, पर्यावरण प्रेम और प्राणिमात्र के प्रति दया का संदेश, आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक है और राज्य सरकार भी इसी दिशा में निरंतर कार्यरत है। प्रशासनिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से इस वृहद आयोजन ने शांति, सद्भाव और उच्च कोटि की व्यवस्था का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

शोभा यात्रा के माध्यम से क्षेत्रीय नागरिकों ने जिस प्रकार अनुशासन और आपसी भाईचारे का परिचय दिया है, वह प्रदेश की प्रगतिशील एवं संस्कारवान छवि को और अधिक पुष्ट करता है।

# गुर्जर समाज कुरीतियों व फिजूलखर्ची पर लगाएगा रोक, बयाना में जागरूकता अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** गुर्जर समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, मृत्युभोज और शादियों में बढ़ती फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुर्जर समाज सुधार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बयाना पहुंचा। दमदमा रोड स्थित एक निवास पर आयोजित बैठक में समाज सुधार और जनजागरूकता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सामाजिक जनजागरूकता अभियान के तहत बृजनगर क्षेत्र से कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन रामावतार गुर्जर, पूर्व सरपंच निहाल सिंह गुर्जर (खखावली), शिक्षाविद भगवान सिंह गुर्जर पठान और लेखराम गुर्जर ने भाग लिया। बैठक में आगंतुकों का राधाकृष्ण की तस्वीर और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में समाज शिक्षा के प्रति जागरूक हुआ है, लेकिन दिखावे और अनावश्यक खर्च की प्रवृत्ति चिंता का विषय है।



उन्होंने इसे समाज के विकास में बाधक बताते हुए बुद्धिजीवी वर्ग से गांव-ढाणियों तक पहुंचकर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। पूर्व चेयरमैन रामावतार गुर्जर और पूर्व सरपंच निहाल सिंह गुर्जर ने सामाजिक कुरीतियों का त्याग कर शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वहीं भगवान सिंह गुर्जर और लेखराम गुर्जर ने शादियों में डीजे, हर्ष फायरिंग तथा मृत्युभोज पर पूर्ण प्रतिबंध की आवश्यकता बताई। पथिक सेना संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र खटाना ने युवाओं से नशे, दिखावे और गलत परंपराओं से दूर रहकर समाज सुधार में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# आजकल के लोग हो रहे है इंपोस्टर सिंड्रोम के शिकार - डॉ. पवन शर्मा

## लगता है सफलता किस्मत से मिल गई, कभी भी छिन जाएगी - डॉ. अनुपमा शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मेरी प्रॉब्लम ये है कि मैं इंपोस्टर सिंड्रोम से जूझ रही हूं। मैंने पहले पढ़ाई और फिर जॉब, सब जगह ठीक-ठाक अचीव किया है। फिर भी मुझे हमेशा ये लगता रहता है कि मुझे कुछ नहीं आता। हर बार कोई नया प्रोजेक्ट मिलने पर मेरे हाथ-पैर ठंडे पड़ने लगते हैं। मुझे डर लगता है कि मैं फेल हो जाऊंगी।

हर दिन मीटिंग से पहले, प्रेजेंटेशन से पहले, जूम कॉल से पहले, क्लाइंट मीटिंग से पहले मेरी यही हालत होती है। हमेशा फेल हो जाने का डर सताता रहता है। मैं जानती हूं कि बाहर से सब ठीक दिखता है, लेकिन अंदर लगातार एक सेल्फ डाउट चलता रहता है। मैं इस डर से कैसे उबरूं?

उक्त जानकारी कृष्णा नगर स्थित श्री सेठ सांवरिया माइंड एवं हेल्थ केयर के निदेशक एवं वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डा0 पवन शर्मा एवं काउसंलर डा0 अनुपमा शर्मा ने इस पत्रकार को दी।

### इंपोस्टर सिंड्रोम क्या है?

डॉ. पवन शर्मा एवं डा0 अनुपमा शर्मा





ने बताया कि इंपोस्टर सिंड्रोम कोई क्लिनिकल कंडीशन नहीं है। ये एक साइकोलॉजिकल पैटर्न है। इस सिंड्रोम में लोग जीवन में उपलब्धियां हासिल करने के बाद भी हमेशा खुद को कमतर आंकते हैं। उन लोगों में ये प्रमुख लक्षण दिख सकते हैं-

अपनी क्षमताओं पर संदेह करना। यह डर लगना कि एक दिन उनकी सच्चाई सामने आ जाएगी। अपनी सफलता को किस्मत मान लेना।

लगातार स्ट्रेस और एंग्जाइटी महसूस करना। हमेशा फेल हो जाने का डर सताना। अपने लिए रिस्पेक्ट न होना। इंपोस्टर सिंड्रोम के क्लासिक संकेत

इंपोस्टर सिंड्रोम वह स्थिति है, जिसमें व्यक्ति अपनी वास्तविक उपलब्धियों के बावजूद खुद को 'अयोग्य' या 'फर्जी' महसूस करता है और डरता है कि लोग किसी दिन उसकी 'सच्चाई' पकड़ लेंगे।

### इस सिंड्रोम के दो सबसे प्रमुख और क्लासिक लक्षण हैं-

डा0 पवन शर्मा एवं डा0 अनुपमा शर्मा ने बताया कि सफलता को भाग्य, किस्मत, लक समझ लेना। ये मानना कि दूसरों के कारण बाय चांस आपको सफलता मिल गई। अपनी मामूली सी कमी या गलती को ही 'अपनी असली पहचान' समझ लेना। डा0 पवन शर्मा एवं डा0 अनुपमा शर्मा ने बताया कि उपलब्धियों के बावजूद अपनी क्षमता पर शक करना। जब भी कुछ बड़ा परफॉर्म करना हो तो एंग्जाइटी बहुत ज्यादा बढ़ जाना। इस तरह के ख्याल मन में आना कि 'मैं फेल हो जाऊंगी।' फेल होने के डर से बहुत ज्यादा तैयारी करना। खुद से हमेशा बिल्कुल परफेक्ट होने की उम्मीद करना। बार-बार दूसरों से अपने लिए वैलिडेशन, रीअश्योरेंस चाहना। यह पैटर्न इंपोस्टर सिंड्रोम के साथ-साथ परफॉर्मेंस एंग्जाइटी का क्लासिक रूप है।

### थोड़ी एंग्जाइटी अच्छी और जरूरी

डा0 पवन शर्मा एवं डा0 अनुपमा शर्मा ने बताया कि एंग्जाइटी हमेशा, हर स्थिति में बुरी नहीं होती। इसे मैं आपको एक साइंटिफिक थियरी से समझाने की कोशिश करता हूं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट एम. यर्केस और जॉन डिलिंगहैम डोडसन की एक थियरी है, जिसे यर्केस-डोडसन कर्व कहते हैं।

अगर एंग्जाइटी बहुत कम है तो इसका मतलब है कि आप अपने काम को लेकर उदासीन हैं। आपने बहुत कम तैयारी की है। अगर एंग्जाइटी मॉडरेट लेवल पर है तो इसका मतलब है कि आप अपने काम को लेकर फोकस्ड और एलर्ट हैं। आप काम को लेकर मोटिवेटेड महसूस करते हैं। लेकिन अगर ये एंग्जाइटी बहुत ज्यादा है तो इसका मतलब है कि आप अपने काम को लेकर बिल्कुल ब्लैंक हो रहे हैं। आप सेल्फ डाउट का शिकार हैं।

इसलिए कुल मिलाकर एंग्जाइटी का बिल्कुल न होना भी प्रॉब्लम है। एंग्जाइटी तभी अच्छी होती है, जब यह मॉडरेट लेवल पर है। हमारा मकसद इसे खत्म करना नहीं, बल्कि एक ऑप्टिमल लेवल पर लेकर आना है।

# राजस्थान निर्माण मजदूर महासंघ का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित

## श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान निर्माण मजदूर महासंघ का भरतपुर में स्वागत एवं सम्मान समारोह व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में निर्माण श्रमिक उपस्थित हुए। जिसमें राजस्थान निर्माण मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवल सिंह काका ने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष शबनम बानो ने बीओबी डब्लू बोर्ड में फिजूल खर्च रोक कर संचालित योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जाये । प्रदेश कोषाध्यक्ष नवीन आचार्य ने बताया की श्रम विभाग की संचालित योजना शुभ शक्ति सहायता योजना बजट का बहाना बनाकर रोका गया प्रस्तुति सहायता योजना एक मुश्त दी जाये मृत्यु सहायता योजना की एफडी राशि 60 वर्ष के पश्चात् निर्माण श्रमिकों को 10 हजार की पेंशन लागू की जाए वह अनावश्यक नियम ना लगाया जाए। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राजेश कटारा प्रदेश कांग्रेस सचिव, कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाचंद पचौरी शहर अध्यक्ष भरतपुर ने की, विशिष्ठ अतिथि गंगाराम पाराशर पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति भरतपुर, धर्मेन्द्र शार्मा, प्रताप सिंह महावर, राजकुमार कढेरा, प्रेम सिंह प्रजापत, शहीद खान, जुगल किशोर वशिष्ठ , सुरेश पदयात्री, श्वेता यादव महिला जिला अध्यक्ष कांग्रेस डीग, बबीता शर्मा भरतपुर शहर जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस भरतपुर, मानसिंह रिटायर अध्यापक अवार, मुख्य वक्ता विद्यासागर शर्मा इन सभी का स्वागत सम्मान मजदूर महासंघ के पदाधिकारी के द्वारा किया गया ।

## नगर कपासन में निर्माणाधीन आधुनिक सब्जी मंडी एवं वॉलीबॉल स्टेडियम का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा रविवार को नगर कपासन में निर्माणाधीन आधुनिक सब्जी मंडी एवं वॉलीबॉल स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा नगरवोपालिका कपासन क्षेत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।जिसमे निर्माणाधीन राजस्थान की सबसे आधुनिक रिटेल सब्जी मंडी व संभाग के सबसे बड़े आधुनिक वॉलीबॉल स्टेडियम के कार्य की प्रगति का जायजा लिया।साथ ही निरीक्षण दौरान विधायक जीनगर द्वारा निवर्तमान नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी एवं निवर्तमान भाजपा समर्थित बोर्ड कार्यकाल की सराहना की गयी। इस मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष विकास बारेगामा, शंकर बारेगामा,अनिल चंडालिया,चंद्रप्रकाश सिरोया, आशीष त्रिपाठी,युवा मोर्चा के मनोज आचार्य,शंकर चंदेल,राकेश आचार्य,बबलू सोनी,लक्ष्मीलाल जीनगर, राकेश आचार्य सहित भाजपा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## गंगेश्वर महादेव मंदिर में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय होली फाल्गुन मेला

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** छोटीसादड़ी उपखंड क्षेत्र के बंबोरी रघुनाथपुरा स्थित श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर पर 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय होली फाल्गुन मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर मंडल के प्रवक्ता गोवर्धन लाल आमेटा ने बताया कि मेले की तैयारियाँ व मेले के सफल आयोजन के लिए आवश्यक बैठक रविवार सुबह 9:00 बजे गंगेश्वर महादेव पर रखी गई है।पहले दिन 26 फरवरी को सुबह श्री गंगेश्वर महादेव की पूजा अर्चना के साथ विधिवत मेले की शुरुआत होगी। मंदिर कमेटी के सचिव किशन जणवा ने बताया रात्रि कालीन कार्यक्रम में प्रथम दिवस शाम 8 बजे गंगेश्वर रंगमंच पर महेश टाक ग्रुप निकूम्भ के बैनर तले भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया है, जिसमें प्रसिद्ध सिंगर महेश टॉक निकूम्भ,बालकृष्ण प्रजापति,भगवान डांगी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी । दूसरे दिन 27 फरवरी की रात गंगेश्वर रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में अंबिका म्यूजिकल ग्रुप निंबाहेड़ा द्वारा फिल्मी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेले के तीसरे दिन 28 फरवरी को पारितोषिक वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन किया। मेले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले को सम्मानित किया जाएगा। मेले में आकर्षक साज-सज्जा, लाइटिंग और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है। पेयजल (जल) की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जलोदा जागीर पुलिस थाना की टीम का व्यापक बंदोबस्त रहेगा।

## गर्मी से पहले ही खामोर अंचल में पेयजल संकट गहराया

बढ़ता राजस्थान

**खामोर/भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत से पहले ही खामोर क्षेत्र में पेयजल संकट गंभीर हो गया है। खामोर सहित कल्याणपुरा, बहका खेड़ा, रामपुरा, इंदिरा कॉलोनी और करेशिया का खेड़ा में 7-8 दिन के अंतराल से जलापूर्ति हो रही है। डेढ़ लाख लीटर क्षमता वाला चंबल पंप हाउस स्टोरेज भी नाकाफी साबित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग केवल औपचारिक सप्लाई कर लीपापोती कर रहा है, जिससे टंकियां पूरी नहीं भर पा रहीं। महिलाएं सुबह से खाली मटके लेकर पानी का इंतजार करती हैं, जबकि कई परिवारों को टैंकर या दूरस्थ हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पंप हाउस की जांच, नियमित सप्लाई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। कल्याणपुरा में एमडीआर सडक़ निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के कारण करीब 40 घरों में छह माह से पानी की सप्लाई बंद है। जलदाय विभाग के एक्सईएन मयंक शर्मा ने 7-10 दिन में मरम्मत का आश्वासन दिया था, लेकिन 10 दिन बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है और वे अब वादों नहीं, ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



## राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद का निशुल्क थ्री डी रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट शिविर सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के तत्वावधान में अशोक नगर स्थित हेलन केलर संस्थान (हरिसेवा धर्मशाला के सामने) में रविवार को आयोजित निशुल्क थ्री डी रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में 80 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रशांत मेवाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट गौरव आचार्य तथा समाजसेवी राजेंद्र पुष्पा गोखरू की उपस्थिति में हुआ। अहमदाबाद से आए थ्री डी रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. दर्शन शाह ने घुटनों, कूल्हों एवं अन्य जोड़ों की समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच कर नि:शुल्क परामर्श दिया। उन्होंने आधुनिक थ्री डी रोबोटिक तकनीक के माध्यम से जॉइंट रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया, सटीकता और शीघ्र रिकवरी के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि ऐसे सेवा शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। इस दौरान परिषद पदाधिकारियों ने डॉ. दर्शन शाह, विनीत राणावत एवं एडवोकेट गौरव आचार्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ललित मधु लोढ़ा ने किया।

# पंच गौरव जिला स्तरीय बास्केटबाल खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## नगर निगम टीम बनी विजेता, कावाखेड़ा उपविजेता, करेड़ा तीसरे स्थान पर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** तृतीय पंच गौरव जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सुखाडिया स्टेडियम में बालक वर्ग (17 वर्ष तक आयु) में किया गया। प्रतियोगिता में जिले की आठ टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें चार टीमें शहरी क्षेत्र तथा चार टीमें ग्रामीण क्षेत्र से शामिल हुईं। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के सौजन्य से जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, भीलवाड़ा द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। शहरी क्षेत्र से सुखाडिया स्टेडियम, नगर निगम मैदान, कावाखेड़ा मैदान एवं लेबर कॉलोनी मैदान की टीमें शामिल हुईं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र से करेड़ा, रायपुर, सरदार नगर एवं दौलतगढ़ की टीमों ने भाग लिया। इन सभी मैदानों पर नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंच गौरव योजना के तहत जिले के पांच खेल मैदानों पर प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो दोनों समय खिलाडियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आवश्यक खेल सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रति माह एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिससे खिलाडियों को नियमित प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त हो सके। प्रतिभावान खिलाडियों को पोषण सामग्री एवं खेल किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सीनियर बास्केटबॉल प्रशिक्षक एवं पूर्व जिला खेल अधिकारी विजय सिंह शक्तावत रहे। उन्होंने कहा कि बास्केटबॉल जिले का लोकप्रिय खेल है और इसमें निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। खिलाडियों को नियमित रूप से मैदान में अभ्यास करने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है तथा खेल भावना जीवन में आगे बढने का आधार है। प्रारंभिक मुकाबलों में कावाखेड़ा टीम ने दौलतगढ़ को 35-17 से पराजित किया। नगर निगम टीम ने सरदार नगर को 45-25 से हराया। लेबर कॉलोनी टीम ने रायपुर को 25-15 से मात दी। वहीं करेड़ा टीम ने सुखाडिया स्टेडियम टीम को 30-25 से परास्त किया। सेमीफाइनल मुकाबलों में नगर निगम टीम ने करेड़ा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में कावाखेड़ा टीम ने लेबर कॉलोनी को पराजित किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में करेड़ा टीम ने लेबर कॉलोनी को हराया। फाइनल मैच में नगर निगम टीम ने कावाखेड़ा टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रकार नगर निगम टीम विजेता, कावाखेड़ा उपविजेता एवं करेड़ा टीम तीसरे स्थान पर रही।

## बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे पुष्कर

### सुरेश सिंह रावत के किया बागेश्वर धाम सरकार का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहित जैन)।** तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर रविवार को धर्म, आस्था और सनातन संस्कृति के गौरवपूर्ण संगम का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने प्रखर सनातन प्रवक्ता एवं बागेश्वर धाम सरकार के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का किशनगढ़ एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थिति रहे। मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि परमपिता ब्रह्मा जी की तपोभूमि पुष्कर में 23 से 25 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय पावन हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का भी एक सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि पुष्कर सदैव से अध्यात्म, साधना और श्रद्धा का वैश्विक केंद्र रहा है, और ऐसे दिव्य आयोजन से इसकी आध्यात्मिक गरिमा और अधिक प्रखर होगी। मंत्री रावत, जिन्हें क्षेत्र में धर्म ध्वजवाहक और सांस्कृतिक चेतना के प्रेरक नेतृत्व के रूप में जाना जाता है, ने कथा आयोजन की व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु संचालन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उनके मार्गदर्शन में यह आयोजन भव्यता और अनुशासन का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करेगा। मंत्री रावत ने कहा कि यह आयोजन पुष्कर को धार्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करेगा तथा क्षेत्र में सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा। तीर्थराज पुष्कर की पावन वायु में गूंजने वाली हनुमान भक्ति की यह स्वर लहरियां निश्चित रूप से जनमानस में नई ऊर्जा, आस्था और सकारात्मकता का संचार करेंगी।

### कमोल जैन भागवती दीक्षा समारोह संपन्न

## वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक संघ निंबाहेड़ा ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, निंबाहेड़ा के तत्वावधान एवं संघ अध्यक्ष विजय मारू के मार्गदर्शन में मुमुक्ष शीतल सोलंकी की भागवती दीक्षा का पावन समारोह कमोल (गोगुंदा) में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। निंबाहेड़ा स्थित जैन दिवाकर भवन से एक बस द्वारा श्रावक-श्राविकाएं कमोल पहुँचे। यह दीक्षा समारोह पूज्य प्रवर्तक श्री विजयमुनि जी, पूज्य उपाध्याय श्री गोतममुनि जी, प्रथम उपप्रवर्तिनी श्री शांताकंवर जी साध्वी एवं साध्वी डॉ. श्री संयमलता जी मसा के पावन सानिध्य में दोपहर सवा बारह बजे संपन्न हुआ। दीक्षा के पावन क्षणों में संपूर्ण पंडाल 'जैन दिवाकर जी के जयघोष' एवं 'दीक्षार्थी अमर रहे' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम में संघ मंत्री गिरिश श्रीमाल, वरिष्ठ श्रावक हस्तीमल दुग्गड़, बसंतीलाल सियाल, पूर्व मंत्री आनंद सालेचा, सहमंत्री राजेश गांधी, सुशील भड़क्त्या, सागर सालेचा, प्रकाश मेहता, कुशाल मारू, प्रदीप मारू सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे एवं सेवाएं प्रदान कीं। जैन दिवाकर संगठन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदरमल सेठिया, संगठन मंत्री सिद्धराज संघवी, वीरेंद्र मारू, पूर्व अध्यक्ष सुनील बम (नीमच) एवं श्रीमती मीनू संघवी भी अपने साधनों से कार्यक्रम में सहभागी बने। दीक्षा कार्यक्रम के सफल संचालन में संगठन समिति के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकेश बम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 200 शत गायत्री पुनश्चरण यज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल पर विप्र ब्राह्मणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** तीर्थ नगरी पुष्कर में 8 मार्च से 19 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे 200 शत गायत्री पुनश्चरण यज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल पर विप्र ब्राह्मणों की एक महत्वपूर्ण बैठक यज्ञ सम्राट महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज के सातीर्थ नगरी पुष्कर में 8 मार्च से 19 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे 200 शत गायत्री पुनश्चरण यज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल पर विप्र ब्राह्मणों की एक महत्वपूर्ण बैठकनिध्य में आयोजित हुई।

बैठक में स्वामी प्रखर महाराज द्वारा यज्ञ की व्यवस्थाओं, यज्ञ में भाग लेने वाले विप्र ब्राह्मणों के नियम-उपनियमों तथा अनुष्ठान संबंधी कार्यों में सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यज्ञ को सुव्यवस्थित एवं दिव्य रूप देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयोजन से जुडे नेहरू पण्डित ने बताया कि मुख्य यज्ञशाला में 200 विप्र ब्राह्मण सपत्नीक यजमान के रूप में पूजन एवं यज्ञ आहुति देंगे। इसके साथ ही 9 ब्राह्मण जप शालाओं का निर्माण किया गया है, जहां लगभग 2000 विप्र ब्राह्मण 43 दिनों तक शत गायत्री पुनश्चरण यज्ञ का निरंतर जाप करेंगे।

## औद्योगिक अनुभव से निखरा हुनर, वर्द्धमान की छात्राओं का पुष्कर भ्रमण बना प्रेरणादायी

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्राओं ने पुष्कर स्थित लीला श्याम एक्सपोर्ट हाउस का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कर फैशन उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग से जोड़ते हुए उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण को मजबूत करना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने वस्त्र निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा और समझा। कपड़े के चयन से लेकर ट्रेंड व गुणवत्ता के आधार पर फैब्रिक चयन, डिजाइन अनुसार कटिंग, पैटर्न डेवलपमेंट, सिलाई, फिनिशिंग और निर्यात स्तर की पैकिंग तक के विभिन्न चरणों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया छात्राओं को उद्योग से जुड़े डिजाइनरों, व्यापारियों और गुणवत्ता नियंत्रकों से संवाद का अवसर मिला, जिससे उनकी जिज्ञासाओं का समाधान हुआ। उत्साहपूर्वक पूछे गए प्रश्नों ने छात्राओं के ज्ञान को और समृद्ध किया समिति मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने कहा कि ऐसे औद्योगिक दौरे कक्षा शिक्षण और वास्तविक कार्य परिस्थितियों के बीच की दूरी को कम करते हैं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्राओं को तकनीकी दक्षता के साथ आत्मविश्वास और करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टि प्रदान करते हैं शैक्षणिक गतिविधि के पश्चात छात्राओं ने ब्रह्मा मंदिर एवं सावित्री माता मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया तथा क्षेत्र के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को भी समझा इस अवसर पर नोडल ऑफिसर छवि गरवाल, व्याख्याता गिरीश बैरवा, रितु प्रजापति, प्रियंका मंगरोला एवं नीलम खत्री उपस्थित रहे।

## भाजपा की 'नाम बदलो राजनीति' पर धर्मेंद्र राठौड़ का तीखा प्रहारः जनता के जज्बातों से खेलना बंद करे सरकार

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहित जैन)।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर के ऐतिहासिक राजकीय मोइनिया इस्लामिया स्कूल का नाम बदलने के निर्णय पर भाजपा सरकार और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को आड़े हाथों लिया है। राठौड़ ने इसे विकास की विफलता को छिपाने वाली 'ओछी और संकीर्ण राजनीति' करार दिया।

### शिक्षा के मंदिर जर्जर, सरकार नाम बदलने में मशगूल

राठौड़ ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, राजस्थान के सैकड़ों सरकारी स्कूल आज जर्जर हाल में हैं, छतें टपक रही हैं और भवन खंडहर बन चुके हैं। माननीय उच्च न्यायालय बार-बार सरकार को फटकार लगा रहा है, लेकिन भाजपा का ध्यान बुनियादी ढांचे को सुधारने या नई अत्याधुनिक स्कूलें बनाने पर नहीं, बल्कि सिर्फ पुराने बोर्ड उखाडक़र नए नाम लिखने पर है। क्या नाम बदलने से बच्चों का भविष्य संवर जाएगा?

### पदों की गरिमा और संवैधानिक मर्यादा का ध्यान नहीं

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के हस्तक्षेप पर सवाल उठाते हुए राठौड़ ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक होता है, किसी दल विशेष का नहीं। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा, देवनानी जी को पद की मर्यादा के अनुरूप सभी धर्मों और वर्गों के साथ न्यायपूर्ण आचरण करना चाहिए। तुष्टिकरण और ध्रुवीकरण की ओट में छिपकर कब तक जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करेंगे? अजमेर की गंगा-जमुनी तहजीब को चोट पहुँचाना बंद करें।

### काम हमारा, नाम तुम्हारा - भाजपा की नीति

राठौड़ ने होटल खादिम (अब अजयमेरु) का उदाहरण देते हुए भाजपा की कार्यशैली पर तंज कसा- होटल खादिम का सच-जिस होटल का नाम बदला गया, उसका वास्तविक विकास और कायाकल्प अशोक गहलोत सरकार और मेरे आरटीडीसी अध्यक्ष रहते हुआ था। भाजपा ने केवल नाम बदला, विकास के नाम पर वहाँ एक ईंट तक नहीं लगाई। विरासत पर हमला- फॉयसागर, किंग एडवर्ड मेमोरियल और क्रिश्चियन गंज जैसे ऐतिहासिक नामों को बदलना दर्शाता है कि भाजपा के पास गिनाने के लिए अपना कोई मौलिक काम नहीं है।

## आत्मा योजना के अंतर्गत भादसोड़ा के सुथारिया खेड़ा में प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्र में भादसोड़ा कस्बे के सुथारिया खेड़ा में रविवार को आत्मा योजना के अन्तर्गत कैफेटेरिया गतिविधि बी-14 फार्म स्कूल प्रशिक्षण एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।उक्त प्रशिक्षण में बीटीटी प्रभारी गोपाललाल धाकड़ द्वारा किसान वर्ग को गेहूं की विभिन्न उन्नत किस्म,कीट रोग प्रबंधन एवं क्रांतिक अवस्था में सिंचाई संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।साथ ही किसान संगोष्ठी में कृषि पर्यवेक्षक प्रशांत मीणा द्वारा खेतों की तारबंदी,सिंचाई पाईप लाईन,फव्वारा सेट,कृषि यंत्र, फार्म पौंड आदि विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। इस मौके पर आत्मा योजना में सम्मानित प्रगतिशील किसान कैलाशचंद्र सुथार द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत उन्नत कृषि करने वाले किसानों को पुरस्कृत करने संबंधित जानकारी दी गयी। सामाजिक कार्यकर्ता राधे सुथार ने बताया कि इस अवसर पर औंकारलाल सुथार,नाहर सिंह,मोहनलाल सुथार,रामेश्वरलाल जाट,अमरचंद सुथार,हिम्मत सिंह, कमलेश जाट,भैरूलाल जाट आदि काश्तकार उपस्थित रहे।

# मन की बात- पीएम मोदी के देश को तीन मंत्र : टेक्नोलॉजी अपनाएं, ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा दें; साइबर क्राइम से सतर्क रहें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देश को तीन मंत्र दिए। उन्होंने टेक्नोलॉजी, ऑर्गन डोनेशन और साइबर क्राइम पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में ग्लोबल एआई इम्पेक्ट समिट के दौरान, कई देश के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर, टेक कंपनी के दिग्गज जुटे। उन्होंने कहा कि समिट में मैंने दुनिया के लीडर्स को बहुत सी चीजें दिखाई। एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। एग्जीविशन के दौरान सुश्रुत संहिता का डिस्प्ले किया गया। इसे पढ़ने लायक टेक्स्ट में बदला गया। भारतीय और विदेशी भाषाओं में इसे बदला जा सकता है। पीएम ने कहा- एआई समिट में भारत की ताकत दुनिया के सामने आई। युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने रमजान और होली को कहा कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, होली का भी त्योहार आ रहा है। आप सभी को शुभकामनाएं। ये त्योहार खुशी के साथ अपने परिवार के साथ मनाएं।




### टी20 वर्ल्ड कप पर कहा- कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी

पीएम ने कहा- टी20 वर्ल्ड कप में कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। वे दूसरे देश से इसलिए खेल रहे होते हैं क्योंकि उनका परिवार वहां बस चुका है।

मोदी ने बताया कि कनाडा टीम के कप्तान का जन्म गुरदासपुर में हुआ था। ये कनाडा के साथ-साथ भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। अमेरिका टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात अंडर 16-18 के लिए भी खेल चुके हैं। ओमान, इटली, यूएई की भी टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं।

### पीएम बोले- देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत

पीएम बोले- केरल में 10 महीने की बच्ची आलीन की मौत हो गई। उसके माता-पिता जिस पीड़ा से गुजर रहे होंगे उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। माता-पिता ने आलीन के अंग दान का फैसला लिया। आलीन का नाम सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनेशन की लिस्ट में जुड़ गया है। देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत है। पीएम ने कहा कि दिल्ली की लक्ष्मी देवी ने केदारनाथ की यात्रा हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद की। उन्हें एक डोनर का हार्ट मिला, इससे लक्ष्मी की जिंदगी बदल गई। ऐसे ही राजस्थान के सीकर के रामदेव को किडनी ट्रांसप्लांट कराया, आज वे स्पोर्ट्स में हैं।

### पीएम ने डिजिटल अरेस्ट अवेयरनेस पर भी बात की

पीएम ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट को लेकर समाज में जागरूकता तो आई, लेकिन अभी भी बहुत अवेयरनेस की जरूरत है। कई बार लोगों से ठगी हो जाती है। कोई फोन कर बोलता है कि 'मैं बड़ा अधिकारी हूं, डिटेल शेयर कीजिए' लोग इसमें फंस जाते हैं।

उन्होंने कहा कि आप सभी को बैंक से केवाईसी, री-केवाईसी के मैसेज आते हैं। आज कल पेंशन, सब्सिटी, बीमा, यूपीआई सब कुछ बैंक खाते से जुड़ा है। इसलिए बैंक बीच-बीच में केवाईसी करते रहते हैं, री-केवाईसी करते रहते हैं। लेकिन हमें धोखेबाजों से बचकर रहना है।

**'23 फरवरी को राजाजी उत्सव मनाया जाएगा'**

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश गुलामी के प्रतिकों को पीछे छोड़ रहा है। इस दिशा में हमारे राष्ट्रपति भवन में राजाजी उत्सव 23 फरवरी बनाया जाएगा। सी राजागोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण भी होगा। उन्होंने सत्ता को पद की तरह नहीं, सेवा की तरह देखा।

उन्होंने बताया कि उनका जीवन हमें प्रेरित करता है। दुर्भाग्य से राष्ट्रपति भवन में ब्रीटिश शासकों की प्रतिमाएं लगी रहीं। अब उनकी जगह राजाजी की प्रतिमा लगाई जाएगी। ये प्रदर्नशी 24 फरवरी से 1 मार्च से लगेगी।

### पीएम ने और क्या कहा....

हमारे किसान परंपरा-टेक्नॉलजी दोनों को साथ लेकर चल रहे हैं। गुणवत्ता, इनोवेशन पर ध्यान दे रहे हैं। करीब 8 साल पहले तक ओडिशा के किसान पारंपरिक ढंग से खेती करते थे, लेकिन अब उन्होंने मजबूत ढांचा बनाया, उस पर बेल वाली सब्जियां उगाई।

केरल के एक किसान अपने खेत में 570 तरह की चावल की किस्म लगाते हैं। भारत 15 करोड़ टन चावल का उत्पादन कर रहा है। कृषि उत्पाद हवाई मार्ग से विदेश भेजे जा रहे हैं। भारत 15 करोड़ टन चावल का उत्पादन कर रहा है। मैसूरू के पान के पत्ते मालद्वीव भेजे रहे हैं। इन्हें लद्ध टैग मिला है।

पिछले साल इसी समय महाकुंभ की अद्भुत तस्वीरें आपको जरूर याद होंगीं। महाकुंभ की वही धारा, वही माघ का महीना, जब उत्तर से दक्षिण की ओर बढ़ता है तो नई पहचान ले लेता है। केरल कुंभ का इस बार सफल आयोजन हुआ। तिरुनावाया में केरल कुंभ मनाया गया।

बच्चों का एग्जाम चल रहा है। मुझे विश्वास है आप सभी इम्तिहान की तैयारियों में लगे होंगे। ऐसे समय में शंका आना स्वाभाविक है।

## डीजीपी शर्मा बोले- पैदल यात्रियों का सुरक्षित चलना आवश्यक

### कहा- सड़क सुरक्षा की नियम पालना जरूरी; 5 किलोमीटर रनिंग के साथ युवाओं ने किया योग-जुम्बा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- पैदल यात्रियों का सुरक्षित रूप से चलना सड़क सुरक्षा का मूलभूत स्तंभ है। उन्होंने कहा- यह सड़क सुरक्षा की नियम पालना तथा विभिन्न हितधारकों को एकजुट कर सुरक्षित जयपुर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

शहर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं, राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षुओं तथा कालिका स्क्वॉड की पुलिसकर्मियों सहित 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने वॉकाथॉन में हिस्सा लिया। जगतपुरा से शुरू हुई इस वॉकाथॉन का उद्देश्य पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित बुनियादी ढांचे की वकालत करना तथा इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी करना रहा। यह कार्यक्रम देश में सड़क सुरक्षा जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाने के लिए बॉश की ओर से मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी के साथ रविवार को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पहले प्रशिक्षकों ने योग एवं जुम्बा सत्र आयोजित किए गए। वॉकाथॉन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने किया।

## टैरिफ में बदलाव से भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बैठक टली

### इसमें भारत पर 18% टैरिफ लगना था, अब ट्रम्प ने खुद ही ग्लोबल टैरिफ 15% किया



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक टल गई है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दी। बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होनी थी। दरअसल समझौते में भारत को 18% टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। जिसके बाद ट्रम्प ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रम्प का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है।

### इस ट्रेड डील के कारण भारत का टैरिफ घटा था

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई। इसके बाद अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया गया था। इसके तहत ही भारतीय सामान पर अमेरिका का टैरिफ 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैरिफ भी हटा लिया

## अजमेर में पीएम मोदी की महासभा के लिए भूमि पूजन

## स्पीकर बोले- इतिहास रचेगा यह आयोजन; प्रधानमंत्री एचपीवी वैक्सीन लॉन्च करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर पहुंचेंगे और कायड़ विश्रामस्थली में होने वाली सभा में शामिल होंगे। सभा स्थल पर रविवार को भूमि पूजन किया गया है। प्रधानमंत्री की सभा प्रेरणादायक होगी। लाखों लोग में शामिल होंगे और यह सभा एक इतिहास रचेगी। स्पीकर वासुदेव देवनानी की ओर से सभा स्थल को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए गए। भूमि पूजन में स्पीकर वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा सहित कई भाजपा के नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत करेंगे पीएम मोदी**-जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को सुबह 11:30 बजे कायड़ विश्राम स्थल पहुंचेंगे। हेलीपैड से उतरने के बाद, वे सभा स्थल के पास एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण की शुरुआत करेंगे। इसके लिए 9 से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं का चयन किया गया है। इसके बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे।

## पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

### सभी एक परिवार के; पाक बोला- टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया।

पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, 'हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए।'

अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला।

अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।



### अफगानिस्तान बोला- सही समय पर कड़ा जवाब देंगे

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीप अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है।

### पाकिस्तान की मांग- अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान पर दबाव डाले

पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा।

## जयराम रमेश बोले-मोदी तारीफ करते रहे, ट्रम्प टैरिफ लगाते रहे

### अमेरिका से ट्रेड डील किसानों के गले में फंदा, एकतरफा समझौता मंजूर नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि पीएम मोदी तारीफ करते रहते हैं, जबकि ट्रम्प टैरिफ लगाते रहते हैं। मैं यह राष्ट्रपति ट्रम्प के बयानों के आधार पर कह रहा हूं। जयराम रमेश ने कहा कि अगर समझौता होना है तो बराबरी का होना चाहिए। लेन-देन का मतलब यह नहीं है कि भारत सिर्फ देता रहेगा और कुछ लेगा नहीं। रमेश ने कहा कि यह डील संतुलित नहीं बल्कि एकतरफा है। इसका सबसे बड़ा असर देश के किसानों पर पड़ेगा।

**ट्रेड डील किसानों के गले में फंदे जैसा**-कांग्रेस नेता ने कहा कि यह समझौता मक्का, कपास, सोयाबीन, सेब, फल और अखरोट उगाने वाले किसानों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। क्या



सरकार गारंटी दे सकती है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और राजस्थान के किसान इस डील से प्रभावित नहीं होंगे

रमेश ने कहा कि यह किसानों के गले में फांसी जैसा है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर भोपाल, यवतमाल और श्रीगंगानगर में महा किसान महा चौपाल आयोजित करेगी।

**जयराम रमेश ने पीएम से तीन सवाल किए**-अगर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला था, तो व्यापार समझौते को इतनी जल्दबाजी में लागू करने की जरूरत क्यों पड़ी जब टैरिफ 18% से घटाकर 10% किए गए, तो क्या भारत कृषि उत्पादों पर लगे कर को घटाने या हटाने की मांग करेगा

**जयराम रमेश बोले- राहुल तथ्यों के साथ बोलते हैं**-रमेश ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के राहुल गांधी पर दिए बयान का जवाब देते हुए कहा- राहुल लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे जिम्मेदारी से बोलते हैं, कैजुअली नहीं बोलते हैं। वे तथ्यों के आधार पर बोलते हैं और जो भी कहते हैं, उसके सबूत देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में चर्चा हो। हमारी महिला सांसदों पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## जॉइंट थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएं : ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार दिखा था कम्पलीट इंटीग्रेशन; दावा- नया ढांचा 3 महीने में सामने आएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था। नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जॉइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70% तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20% तक संसाधनों की भी बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं।

### 10 साल में 5 बार चीन-पाकिस्तान से टकराव के बाद तैयार हुआ ढांचा

सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं। इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अलग-अलग सेवाओं की स्वतंत्र कार्रवाई में कम्युनिकेशन गैप और रिसोर्स ओवरलैप जैसी समस्याएं सामने आईं।

ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार 88 घंटे के भीतर तीनों सेनाओं का कम्पलीट इंटीग्रेशन देखा गया। मिसाइल स्ट्राइक्स,



ड्रोन स्वार्म, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और ग्राउंड फोर्स का तालमेल भरपूर रहा।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एसएल नरसिम्हन के मुताबिक- यह 1947 के बाद सबसे बड़ा सैन्य ओवरहॉल है। मई 2026 में पहली थिएटर कमान सक्रिय होने पर हमारी सेनाएं न सिर्फ जॉइंट होंगी, बल्कि थिएटर-रेडी भी होंगी। ठीक ऑपरेशन सिंदूर के 88 घंटों की तरह।

हर थिएटर में साइबर, स्पेस और स्पेशल ऑपरेशंस सब-कमांड होंगी। तीनों सेनाओं का कॉमन सप्लाई चेन और मेंटेनेंस होगा। इंटेलिजेंस फ्यूजन सेंटर्स होंगे। दो मोर्चों पर युद्ध के प्रोटोकोल होंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।